शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 11 | अंक : 63 | गुवाहाटी | सोमवार, 30 सितंबर, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

11,200 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का किया शिलान्यास और उद्घाटन — पेज 2
खड़गे पिता-पुत्र असम विरोधी रहे हैं : पीयूष — पेज 3
धारा 370 हटने के बाद बढ़ा है पर्यटन, देर रात भी सड़क पर घूमते हैं ... — पेज 5
भारतीय निशानेबाजों ने टीम स्पर्धा में दो स्वर्ण पदक जीते — पेज 7

## इंटरनेट सेवा निलंबित रहने के बीच ग्रेड-थ्री पदों के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित



*गुवाहाटी में ग्रेड-थ्री परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने के लिए कतार में प्रतीक्षा करते परीक्षार्थी।*
*फोटो : दशरथ डेका*

**गुवाहाटी।** असम सरकार के ग्रेड-थ्री पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा रविवार को राज्य भर में व्यापक व्यवस्था और आठ घंटे के मोबाइल इंटरनेट निलंबन के बीच आयोजित की गई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कुल 7,34,080 उम्मीदवार असम सीधी भर्ती परीक्षा (एडीआरई) के दूसरे चरण के लिए उपस्थित होने के पात्र थे, जो स्नातक डिग्री स्तर और एचएसएलसी स्तर के पदों के लिए आयोजित किया जा रहा था। सितंबर में यह दूसरी बार है जब परीक्षा के दौरान गड़बड़ी रोकने के लिए राज्य में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित की गई हैं। सूत्रों ने बताया कि दो सत्रों में आयोजित परीक्षाएं सुचारू और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुईं। परीक्षा शुरू होने से कई घंटे पहले अभ्यर्थी परीक्षा केंद्रों के बाहर कतारों में खड़े हो गए और राज्य स्तरीय भर्ती आयोग (एसएलआरसी) के दिशा-निर्देशों के अनुसार उनकी गहन तलाशी ली गई। अधिकारियों द्वारा की गई व्यवस्थाओं के अतिरिक्त, अभ्यर्थियों को परीक्षा के सुचारू एवं पारदर्शी संचालन को सुनिश्चित करने के लिए अनेक निर्देश दिए गए। गृह एवं राजनीतिक विभाग ने उम्मीदवारों की तलाशी के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। यह एसओपी परीक्षा के पहले चरण के दौरान महिला उम्मीदवारों की अनुचित तलाशी के आरोपों के बाद जारी की गई है, जिसमें कई महिलाओं ने दावा किया था कि महिला सुरक्षाकर्मियों ने उनके निजी अंगों को अनुचित तरीके से छुआ था। महिला अभ्यर्थियों के लिए अलग से घेरा बनाया गया था तथा तलाशी क्षेत्र के पास एक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका या आशा कार्यकर्ता मौजूद थीं। अनुचित तलाशी के मामले में, उम्मीदवारों को तुरंत केंद्र प्रभारी को रिपोर्ट करने के लिए कहा गया था। तेजी से तलाशी के लिए, उम्मीदवारों को जूते के बजाय आधी आस्तीन की पोशाक और चप्पल पहनने की सलाह दी गई थी। कक्षा-थ्री पदों के लिए एसएलआरसी के सचिव द्वारा शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में अधिसूचित अनुसार, पूरे राज्य में सुबह 8.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक मोबाइल इंटरनेट/मोबाइल डेटा/मोबाइल वाई-फाई कनेक्टिविटी बंद रहेगी। इसमें कहा गया है कि सभी से अनुरोध है कि वे स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती परीक्षा आयोजित करने और इस तरह राज्य के युवाओं का भविष्य सुरक्षित करने के हित में असुविधा को सहन करें। ग्रेड थ्री पदों के लिए लिखित परीक्षा के पहले चरण के दौरान 15 सितंबर को साढ़े तीन घंटे के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई थीं। एडीआरई ग्रेड थ्री पदों के दूसरे चरण के लिए लिखित परीक्षा दो सत्रों में आयोजित की जा रही है: पहला सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरा दोपहर 1:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक। इंटरनेट सेवाओं के इस निलंबन का उद्देश्य बेईमान व्यक्तियों को फेसबुक, एक्स, टेलीग्राम और यूट्यूब जैसे -शेष पृष्ठ दो पर

## राहुल देश का बंटवारा चाहते हैं, जो हमें मंजूर नहीं : सीएम हिमंत



**सोनीपत।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा इन दिनों हरियाणा चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं। रविवार को सोनीपत पर चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सीएम शर्मा ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी देश में बंटवारा करना चाहते हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि भारत को डॉक्टर और इंजीनियर चाहिए, मुल्ला नहीं। देश में जो बाबर घूम रहे हैं, उन्हें बाहर करना होगा। उन्होंने कहा कि मुझसे कांग्रेसियों ने पूछा कि आपने 600 मदरसे क्यों बंद किए। मैंने कहा कि मैं बाकी भी बंद कर दूंगा। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी आरक्षण को खत्म करना चाहते हैं और धारा 370 को वापस लाना चाहते हैं। देश में अगर वादाखिलाफी का सबसे बड़ा उदाहरण कोई है तो वो राहुल गांधी हैं। खटा-खट योजना के तहत कहते हैं कि 8000 रुपए देंगे और मेनिफेस्टो में 2000 रुपए का वादा करते हैं। हरियाणा में 2 लाख नौकरियों का उनका वादा भी खर्ची पर्ची से कमाने का नया साधन है। सीएम ने आगे कहा कि जहां भी भाजपा की सरकार है वहां राज्य के युवाओं को बिना किसी पर्ची और खर्ची के नौकरी देकर दिखाया। आज हरियाणा में कांग्रेस महिलाओं को 2000 रुपए महीने देने की बात कर रही है। अगर आप देना चाहते हैं अच्छी बात है, लेकिन आपने हिमाचल प्रदेश में भी तो वादा किया था, क्या आपने वहां दिया क्या? राहुल गांधी को अपने नेताओं से यह पूछना चाहिए कि क्या उन्होंने जो वादा किया था उसे पूरा किया गया या नहीं। सीएम ने कहा कि राहुल गांधी -शेष पृष्ठ दो पर

## कामरूप मेट्रो जिले के सभी स्कूल कल से नियमित समय पर खुलेंगे

**गुवाहाटी।** कामरूप (मेट्रो) जिले के सभी सरकारी, प्रांतीय और निजी स्कूलों को पिछले आदेश के स्थान पर 1 अक्तूबर, 2024 से अपने नियमित स्कूल समय पर लौटने का निर्देश दिया गया है। यह निर्णय जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों पर प्रभाव डालेगा तथा उन्हें निर्दिष्ट तिथि से अपने मानक कार्यक्रम का पालन करना होगा। इस बीच, निकटवर्ती जिले के एक स्कूल में हुई चाकूबाजी की घातक घटना के बाद, असम सर्व शिक्षा अभियान मिशन के तहत जिला प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी ने कामरूप मेट्रो जिले के सभी सरकारी, प्रांतीय और निजी स्कूलों -शेष पृष्ठ दो पर

मुफ्ती की नसरुल्लाह एकजुटता पर मुख्यमंत्री हिमंत ने कहा-

## जब आतंकवादी हिंदू सैनिकों को मारते हैं...



**सोनीपत।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती पर हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरुल्लाह के साथ *एकजुटता* व्यक्त करने के लिए निशाना साधा, जो बेरूत में एक इजरायली हवाई हमले में मारा गया था। अभी, इजराइल और फिलिस्तीन के बीच युद्ध चल रहा है। इजराइली सेना ने हिजबुल्लाह कमांडर हसन नसरुल्लाह को मार डाला। यह उनके देश का मामला है। लेकिन आज, कश्मीर में, महबूबा मुफ्ती कहती हैं कि वह चुनाव प्रचार नहीं करेंगी क्योंकि उन्हें हसन नसरुल्लाह के मारे जाने का दुख है। मैं महबूबा, फारूक अब्दुल्ला और राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं, जब आतंकवादी हिंदू सैनिकों को मारते हैं, तो -शेष पृष्ठ दो पर

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## एजल पहुंचे त्रिपुरा के राज्यपाल इंद्रसेना रेड्डी



**एजल।** त्रिपुरा के राज्यपाल एन. इंद्रसेना रेड्डी रविवार को मिजोरम के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार संभालने के लिए एजल पहुंचे। एक अधिकारी ने बताया कि नल्लू एजल के लेंगपुई स्थित हवाई अड्डे पर उतरे। अधिकारी ने बताया कि राज्य के मुख्यमंत्री लालदुहावमा और उनके कैबिनेट सहयोगियों ने उनका स्वागत किया। स्वागत करने वालों में विधानसभा अध्यक्ष लालबियाकजामा और गृह मंत्री के सपदांगा भी शामिल थे। राज्य के अधिकारियों ने बताया कि नल्लू सोमवार को सुबह 10 बजे राजभवन में मिजोरम के राज्यपाल के रूप में शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पिछले सप्ताह जारी अधिसूचना में नल्लू को मिजोरम के -शेष पृष्ठ दो पर

## वन नेशन-वन इलेक्शन पर संसद में बिल लाएगी मोदी सरकार



**नई दिल्ली।** एक देश-एक चुनाव को लेकर सरकार संसद में बिल लाने की तैयारी में है। सरकार के सूत्रों के मुताबिक तीन बिल सरकार लाएगी, जिसमें दो संविधान संशोधन बिल होंगे। हालांकि ये अभी तय नहीं है कि ये बिल सरकार संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में लाएगी या बजट सत्र में। इसको लेकर जल्द ही सरकार के स्तर पर फैसला लिया जाएगा। गौरतलब है कि मोदी कैबिनेट ने एक देश, एक चुनाव पर बनी रामनाथ कोविंद कमिटी की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया था। कमिटी की रिपोर्ट में दो चरणों में चुनाव की सिफारिश की है। पहले चरण में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव कराने की सिफारिश कमिटी ने की है। वहीं। दूसरे चरण में स्थानीय निकाय के चुनाव कराए जाने की सिफारिश कमिटी ने की है। प्रस्तावित संविधान संशोधन विधेयकों में से एक विधेयक स्थानीय निकायों के चुनावों को लोकसभा और विधानसभाओं के साथ जोड़ने को लेकर होगा। इस विधेयक को कम से कम 50 प्रतिशत राज्यों से समर्थन की जरूरत है। प्रस्तावित पहले संविधान संशोधन विधेयक में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का प्रावधान है। सूत्रों का कहना है कि प्रस्तावित विधेयक में *नियत तिथि* से संबंधित उप-खंड (1) को जोड़ा जाएगा और इसमें अनुच्छेद 82ए में संशोधन का प्रावधान है। इसके साथ ही इस विधेयक में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल की समाप्ति का भी प्रावधान है। इसमें अनुच्छेद 82ए में उप-खंड (2) में संशोधन का प्रावधान -शेष पृष्ठ दो पर

## बिहार में टूटा मधकौल बांध, कई गांव जलमग्न

**पटना (हि.स.)।** बिहार के पड़ोसी देश नेपाल में दो दिनों से हो रही बारिश एवं नेपाल की ओर से छोड़े जा रहे पानी से बिहार के कई इलाके जलमग्न हो गए है। सीतामढ़ी जिले में बहने वाली बागमती, अधवारा समूह की नदियां उफान पर है। नदी में आयी इस उफान के कारण रविवार शाम सीतामढ़ी के बेलसंड प्रखंड स्थित मधकौल बांध पानी के तेज बहाव में टूट कर बह गया। बेलसंड के मधकौल में बागमती नदी के उत्तर तरफ के तटबंध -शेष पृष्ठ दो पर

### सुप्रभात

*एक संतुलित मन के बराबर कोई तपस्या नहीं है। संतोष के बराबर कोई खुशी नहीं है। लोभ के जैसी कोई बिमारी नहीं है। दया के जैसा कोई सदाचार नहीं है।*
**- आचार्य चाणक्य**

### न्यूज गैलरी

## हर दुर्गा पूजा समिति को वित्तीय सहायता देगी सरकार : सीएम

**गुवाहाटी (हि.स.)।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा सरकार ने हर साल की तरह इस साल भी प्रत्येक दुर्गा पूजा समिति को वित्तीय सहायता देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के -शेष पृष्ठ दो पर

*कठुआ में बिगड़ी खड़गे की तबीयत, बोले-*

## मोदी को हटाने तक मैं जिंदा हूं




**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के जसरोटा में एक चुनावी रैली के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की तबीयत बिगड़ गई। मंच पर भाषण देने के दौरान खड़गे की तबीयत खराब हुई, जिसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें संभाला। तबीयत खराब होने के बावजूद कांग्रेस अध्यक्ष ने अपना भाषण पूरा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए लड़ेंगे, मैं 83 साल का हूं, मैं इतनी जल्दी नहीं मरने वाला हूं। मैं तब तक जिंदा रहूंगा जब तक पीएम मोदी सत्ता से बाहर नहीं हो जाते। भाजपा पर निशाना साधते हुए खड़गे ने कहा कि भाजपा ने जम्मू-कश्मीर के लोगों से बहुत सारे वादे किए, लेकिन उन्होंने कुछ नहीं किया। अब अमित शाह कहते हैं कि हम 5 लाख -शेष पृष्ठ दो पर

## थानामंडी में सुरक्षाबल और आतंकियों के बीच मुठभेड़

**राजौरी।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी में सुरक्षाबल और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हो गई। सुरक्षाबल को आतंकवादियों के छिपे होने की विशेष खुफिया जानकारी मिली थी। इसके बाद भारतीय सेना ने तलाशी अभियान शुरू किया। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जानकारी देते हुए कहा कि सुरक्षाबल ने मनियाल गली में संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया। इसी बीच आतंकियों ने सुरक्षाबल पर हमला कर दिया। जवानों ने जवाबी कार्रवाई की। दोनों और से कई राउंड गोलीबारी हुई।

## प्रदर्शनकारी डॉक्टर्स को समर्थन देने पहुंचे कांग्रेस अध्यक्ष का हुआ विरोध, लगे वापस जाओ के नारे




**कोलकाता।** कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष शुभंकर सरकार और पार्टी के कई अन्य नेताओं का रविवार को प्रदर्शनकारी डॉक्टर्स के विरोध का सामना करना पड़ा। प्रदर्शनकारी डॉक्टर्स ने कांग्रेस नेताओं के खिलाफ नारेबाजी की और *वापस जाओ* के नारे लगाए। दरअसल मरीज के परिजनों द्वारा पिटाई के विरोध में उत्तर 24 परगना के सरकारी अस्पताल सागर दत्ता अस्पताल के डॉक्टर्स विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और शुभंकर सरकार और अन्य कांग्रेस नेता रविवार को उन्हें समर्थन देने पहुंचे थे। प्रदर्शनकारी डॉक्टर्स ने शुभंकर सरकार से कहा कि यह बेहतर स्वास्थ्य सेवा, बेहतर बुनियादी ढांचे और कार्यस्थलों पर डॉक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के लिए अधिक सुरक्षा के लिए नागरिकों का एक जन आंदोलन है। -शेष पृष्ठ दो पर

*हरियाणा में बागियों पर भाजपा का चला हंटर*

## दो पूर्व मंत्री सहित आठ नेताओं को पार्टी से निकाला




**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने बागी उम्मीदवारों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है। पार्टी ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल आठ नेताओं को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पार्टी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि पार्टी के उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव लड़ रहे आठ नेताओं को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। भारतीय जनता पार्टी ने जिन आठ नेताओं को पार्टी से निकाला है, उनमें कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सैनी की सरकार में मंत्री रहे रणजीत सिंह चौटाला शामिल हैं। इसके अतिरिक्त पार्टी ने पूर्व मंत्री बच्चन सिंह आर्य और गन्नौर -शेष पृष्ठ दो पर

## हिमाचल, कर्नाटक व तेलंगाना में राहुल गांधी का कोई वादा पूरा नहीं हुआ : अमित शाह



**चंडीगढ़ (हि.स.)।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को निशाने पर लेते हुए कहा है कि राहुल गांधी ने हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना में जितने वादे किए, उनमें से आजतक एक भी पूरा नहीं हुआ है। यही झूठ बोलने का काम वह हरियाणा में कर रहे हैं। अमित शाह ने रविवार को हरियाणा के बादशाहपुर, नांगल चौधरी एवं इंद्री विधानसभा हलकों में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि *शक्ति* का अपमान करने वाले राहुल गांधी और कांग्रेस को हरियाणा की जनता जवाब देगी। अमित शाह ने कहा कि चुनाव आने पर वादों की झड़ी लगाने वाले राहुल बाबा की सभी गारंटियां फुस्स हो गई हैं। अगर हरियाणा में कांग्रेस सत्ता में आई तो वह हरियाणा के युवाओं का विकास की नहीं करेगी, बल्कि दिल्ली के दामाद का कल्याण करना ही कांग्रेस का मुख्य उद्देश्य है। हरियाणा में एक ओर कांग्रेस के परिवार व दामाद के कल्याण के दस साल हैं, तो दूसरी ओर भाजपा के सुशासन के 10 साल हैं। भाजपा ने कभी भी जनहितों के साथ समझौता नहीं किया। अमित शाह ने कठोह लहजे में कहा कि अग्निवीरों -शेष पृष्ठ दो पर

## नसरुल्लाह की मौत का बदला लेगा इरान



**तेहरान।** इजरायल हिज्बुल्लाह के टॉप कमांडरों को चुन-चुनकर खत्म कर रहा है। शुक्रवार को हसन नसरुल्लाह को मारने के बाद अब इजराइल की सेना ने नबील कौक को मार गिराने की घोषणा की है। सेना ने कहा कि उसने शनिवार को हवाई हमले में हिज्बुल्लाह की सेंट्रल काउंसिल के उप प्रमुख नबील कौक को मार गिराया है। हिज्बुल्लाह की तरफ से इस बात की पुष्टि नहीं की गयी है। हालांकि, हिज्बुल्लाह ने रविवार को पुष्टि की है कि उसके एक शीर्ष कमांडर अली कराकी की इजराइली हवाई हमले में मौत हो गई है। बता दें, हाल के कुछ दिनों में इजराइल एक-एक कर हिज्बुल्लाह के -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

## उदयपुर में तेंदुओं ने मचाया आतंक, छह लोगों की ले ली जान

**जयपुर।** राजस्थान के उदयपुर जिले के गोगुंदा थाना क्षेत्र में शनिवार को संदिग्ध रूप से तेंदुए के हमले में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार गट्टू बाई (65) अपने घर पर अकेली थी। जब शाम को उनके पति काम से घर लौटे तो उन्हें वह नहीं मिली। उन्होंने गांव वालों को सूचना दी। पुलिस ने बताया कि स्थानीय लोगों को जंगल में बुजुर्ग महिला की साड़ी के टुकड़े, कुछ गहने और खून के निशान जंगल में मिले और कुछ दूरी पर महिला का क्षत-विक्षत शव मिला। वन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही यह पता चलेगा कि महिला की मौत जानवर के हमले से हुई थी या नहीं। इस बीच, देर रात गोगुंदा के जंगल में एक तेंदुए को पकड़ लिया गया। हाल के दिनों में गोगुंदा थाना क्षेत्र में कथित तेंदुए के हमले में यह पांचवीं मौत है।

### प्रधानमंत्री ने दिया महाराष्ट्र को बड़ा तोहफा

# 11,200 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का किया शिलान्यास और उद्घाटन

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज महाराष्ट्र को बड़ा तोहफा दिया। उन्होंने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य में 11,200 करोड़ रुपए से अधिक लागत की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने जिला न्यायालय से स्वारगेट तक पुणे मेट्रो सेक्शन का उद्घाटन किया। बिडकिन औद्योगिक क्षेत्र को राष्ट्र को समर्पित किया और सोलापुर हवाई अड्डे का उद्घाटन किया। भिडेवाड़ा में क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले के बालिका विद्यालय के स्मारक की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि आज महाराष्ट्र को नए संकल्पों के साथ बड़े लक्ष्यों की जरूरत है। उन्होंने पुणे जैसे शहरों को प्रगति और शहरी विकास का केंद्र बनाने की जरूरत पर बल दिया। मोदी ने महाराष्ट्र की प्रगति सुनिश्चित करने में विकास-संचालित शासन के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस निरंतरता में कोई भी व्यवधान राज्य के लिए महत्वपूर्ण नुकसान का कारण बनता है। उन्होंने मेट्रो पहल से लेकर मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन और महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाओं तक विभिन्न रुकी हुई परियोजनाओं पर प्रकाश डाला, जो डबल इंजन सरकार के आने से पहले ही विलंबित हो गई थीं। प्रधानमंत्री ने शहर से सीधा हवाई संपर्क स्थापित करने के लिए सोलापुर हवाई अड्डे के उद्घाटन का जिक्र करते हुए कहा कि भगवान विट्ठल के भक्तों को भी आज एक विशेष उपहार मिला है। उन्होंने बताया कि टर्मिनल की क्षमता में वृद्धि हुई है और मौजूदा हवाई अड्डे के उन्नयन कार्य के पूरा होने के बाद यात्रियों के लिए नई सेवाएं और सुविधाएं बनाई गई हैं, जिससे भगवान विट्ठल के भक्तों के लिए सुविधा बढ़ गई है। आज की परियोजनाओं का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि जहां एक तरफ पुणे मेट्रो सेक्शन डिस्ट्रिक्ट कोर्ट से स्वारगेट का उद्घाटन हुआ है, वहीं दूसरी तरफ स्वारगेट से कटराज लाइन की आधारशिला भी रखी गई है। प्रधानमंत्री ने 2016 से अब तक पुणे मेट्रो के विस्तार के लिए किए गए काम की सराहना की, क्योंकि इसमें तेजी से निर्णय लिए गए और बाधाओं को दूर किया गया। उन्होंने बताया कि मौजूदा सरकार ने पुणे में मेट्रो का आधुनिक नेटवर्क तैयार किया है जबकि पिछली सरकार 8 साल में बमुश्किल एक भी मेट्रो पिलर बना पाई थी। प्रधानमंत्री ने सामाजिक परिवर्तन में महिला नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने महाराष्ट्र की महिला सशक्तिकरण की विरासत, विशेष रूप से सावित्रीबाई फुले के प्रयासों को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने पहला बालिका विद्यालय खोलकर महिला शिक्षा के लिए आंदोलन की शुरुआत की थी। प्रधानमंत्री ने सावित्रीबाई फुले स्मारक की आधारशिला रखी, जिसमें एक कौशल विकास केंद्र, एक पुस्तकालय और अन्य आवश्यक सुविधाएं शामिल होंगी। राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस और अजीत पवार तथा अन्य गण्यमान्य व्यक्ति वर्चुअल माध्यम से उपस्थित थे।

# एमके स्टालिन ने बेटे उदयनिधि स्टालिन को बनाया डिप्टी सीएम

**चेन्नई।** तमिलनाडु की राजनीति से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मंत्रिमंडल में बड़े फेरबदल किए हैं। सीएम स्टालिन ने अपने बेटे उदयनिधि स्टालिन को उपमुख्यमंत्री बनाया है। उदयनिधि स्टालिन कल दोपहर 3.30 बजे डिप्टी सीएम पद की शपथ लेंगे। सरकार ने प्रदेश के राज्यपाल से युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन को उनके मौजूदा विभागों के अलावा योजना और विकास विभाग आवंटित करने के साथ-साथ डिप्टी सीएम के रूप में नामित करने की सिफारिश की है। राज्यपाल ने इन सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है। उदयनिधि मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे हैं। तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने राज्यपाल से उदयनिधि को डिप्टी सीएम नामित करने की सिफारिश के साथ-साथ वी। सेंथिल बालाजी, डॉ. गोवी चेझियान और आर राजेंद्रन, थिरु एसएम नासर को मंत्रिमंडल में शामिल करने की सिफारिश की है। नए मंत्री और उप मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह रविवार दोपहर साढ़े तीन बजे चेन्नई के राजभवन में होगा। साथ ही तमिलनाडु सरकार ने हाल ही में सुप्रीम कोर्ट से जमानत पर रिहा हुए सेंथिल बालाजी के फिर से कैबिनेट में शामिल किया है।

# झारखंड के लोगों ने बदलाव का मन बना लिया है : चिराग पासवान

**धनबाद ( हि.स. )।** धनबाद के कोयला नगर स्थित नेहरू कॉप्लेक्स में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने जन आक्रोश रैली किया। इसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान शामिल हुए। उन्होंने कहा कि लोजपा गठबंधन में रहकर चुनाव लड़ेगी या अकेले ये फैसला राज्य इकाई को तय करना है। इसके बाद उसपर केंद्रीय संसदीय समिति की मुहर लग जाएगी और ये परिस्थिति अधिसूचना जारी होने से पूर्व तय हो जाएगी। उन्होंने झारखंड की मौजूदा सरकार और मौजूद मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस तरह से झारखंड की मौजूदा सरकार ने राज्य को बिहार और पूरे देश के समक्ष शर्मसार करने का काम किया और जिस तरह से मौजूदा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार के आरोप में जेल गए उससे देश ही नहीं दुनिया के सामने झारखंड को शर्मसार होना पड़ा। ऐसे में झारखंड के लोगों ने बदलाव का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि यह अब तय हो चुका की चुनाव के बाद झारखंड में एक नई सरकार बनने जा रही है।

# बीआरओ का *स्वच्छता ही सेवा अभियान* आयोजित

**गुवाहाटी ( हिंस )।** मुख्यालय अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान, बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन (बीआरओ), शिलांग ने आज स्वच्छता ही सेवा अभियान (स्वच्छता अभियान) का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान, बीआरओ के अधिकारियों और कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अभियान का उद्देश्य समुदाय के बीच स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति जागरुकता को बढ़ावा देना था। प्रतिभागी सुबह-सुबह सुरम्य उमियम झील पर एकत्र हुए, जो एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल और क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण जल भंडार है। इस अवसर पर मुख्य अभियंता राजीव दुआ ने अपने संबोधन में सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखने के महत्व और स्वच्छ पर्यावरण में योगदान देने में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस तरह की पहल न केवल आसपास की सुंदरता को बढ़ाती है, बल्कि जन स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अधिकारियों और कर्मियों को टीमों में विभाजित किया गया था, जिनमें से प्रत्येक को झील और उसके आस-पास के विशिष्ट क्षेत्र सौंपे गए थे।

# कट्टरपंथी सांसद अमृतपाल बनाएगा नया राजनीतिक दल, पिता ने किया एलान

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** असम की डिब्रूगढ़ जेल में एनएसए के तहत बंद वारस पंजाब दे के प्रमुख एवं खडूर साहिब सीट से कट्टरपंथी सांसद अमृतपाल सिंह खालसा की टीम ने पंथ और पंजाब के लिए एक पंथक राजनीतिक पार्टी का गठन किया है। इसके साथ इस मामले में सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने की कवायद शुरू हो गई है। रविवार सुबह सतगुरु हरगोबिंद पातशाह के चरणों में अमृतपाल सिंह खालसा की टीम ने प्रार्थना की और *राज करेगा खालसा* की अवधारणा के तहत एक राज्य स्थापित करने के लिए एक पंथ पार्टी बनाने की अनुमति और पार्टी के नाम, प्रतीक, संविधान और संगठनात्मक संरचना के निर्माण का आशीर्वाद मांगा। ताकि वह पंजाब की पवित्र भूमि के लोगों के लिए एक शाश्वत राज्य स्थापित कर सकें। उन्होंने कहा कि भले ही अब तक पंजाब पर शासन करने वाले राजनीतिक दल खुद को अकाली कहते थे लेकिन उन्होंने कभी भी सतगुरु हरगोबिंद पातशाह की मीरी पीरी के सिद्धांत की परवाह नहीं की है। शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष लंबे समय से बादल परिवार द्वारा भेजे गए सीलबंद लिफाफे से बाहर आ रहे हैं, जिससे हर उस सिख का दिल दुखी हुआ जो सिख राजनीति में सिख दर्शन को लागू करना चाहता है। अतीत में सरकारों के हर स्तर के नेताओं ने पैसे की खातिर युवाओं को धर्म से दूर कर नशे की ओर मोड़ने की गलती की और भाई अमृतपाल सिंह खालसा ने खालसा वाहीर के माध्यम से नशे से मुक्ति के लिए आंदोलन शुरू किया तो एनएसए लगाकर हजारों मील दूर डिब्रूगढ़ जेल भेज दिया गया। आम आदमी पार्टी की सरकार के इस जुल्म को कांग्रेस, भाजपा या पारंपरिक अकाली सभी ने पूरा समर्थन दिया। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए अमृतपाल सिंह के पिता बापू तरसेम सिंह ने कहा कि पंजाब पर आर्थिक, धार्मिक और सामाजिक स्तर पर लगातार बेइंसाफी की जा रही है। न्याय कहीं नजर नहीं आता। पंजाब में हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं, आर्थिक और कानून व्यवस्था की स्थिति सबसे गंभीर स्थिति में है। फिलहाल पंजाब का फैसला दिल्ली से हो रहा है।

## 11 साल बाद बंद होने जा रहा एयर इंडिया एक्सप्रेस

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया एक्सप्रेस (एआईएक्स) और एआईएक्स कनेक्ट (पहले एयरएशिया इंडिया) जल्द ही एक साथ विलय होने जा रहे हैं। इसके साथ ही, एआईएक्स कनेक्ट का उड़ान कोड आई5 अगले हफ्ते से इतिहास बन जाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह विलय प्रक्रिया करीब एक साल से चल रही थी और अब सबकुछ योजना के अनुसार पटरी पर है। एआईएक्स कनेक्ट, जो पिछले 11 सालों से अपनी सेवाएं दे रही थी, अब बंद हो जाएगी। इसके सभी विमान, जो एआईएक्स कनेक्ट के हवाई परिचालन प्रमाणन (एओसी) के तहत पंजीकृत थे, अब एयर इंडिया एक्सप्रेस के एओसी में शामिल हो जाएंगे।

# पृष्ठ एक का शेष

### इंटरनेट सेवा निलंबित...

विभिन्न मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करके अनुचित व्यवहार करने से रोकना है। एसएलआरसी सचिव की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस बात की प्रबल आशंका है कि असामाजिक तत्व या संगठित समूह सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाकर स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश कर सकते हैं और परीक्षा प्रक्रिया को अस्थिर करने का प्रयास कर सकते हैं। कुछ लोग विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करके नकली प्रश्नपत्र बेचने की कोशिश भी कर सकते हैं, ऐसा दावा किया गया है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि एडीआरई में शामिल होने वाले उम्मीदवारों की सहायता के लिए छह जोड़ी परीक्षा विशेष ट्रेनें चलाई गईं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, लगभग 18.5 लाख उम्मीदवारों ने विभिन्न ग्रेड थ्री पदों के लिए आवेदन किया, जबकि लगभग 13.7 लाख उम्मीदवारों ने ग्रेड फोर पदों के लिए आवेदन किया। उन्होंने बताया कि दो अलग-अलग शैक्षणिक स्तरों के ग्रेड फोर पदों के लिए एडीआरई की लिखित परीक्षा दो अन्य तिथियों पर आयोजित की जाएगी। राज्य स्तरीय भर्ती आयोग के तहत पहली एडीआरई अगस्त 2022 में आयोजित की गई थी।

### राहुल देश का बंटवारा...

देश में कहते हैं कि आरक्षण को मैं खत्म नहीं होने दूंगा, लेकिन अमेरिका में जाकर बोलते हैं कि भारत में एक दिन आएगा जब आरक्षण खत्म हो जाएगा। मैं उनको बताना चाहता हूं कि आरक्षण आपने नहीं दिया था, ये बाबा साहब अंबेडकर ने दिया था। इस आरक्षण को खत्म करने के लिए अगर आप दस बार भी जन्म लेते हैं तो भी संभव नहीं है। हरियाणा में आकर बोलते थे कि अग्निवीर का क्या होगा, लेकिन केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कह दिया है कि अग्निवीर पहले भी नौकरी में थे और अभी भी रहेगा। असम के मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि राहुल गांधी इस देश का बंटवारा करना चाहते हैं। वो देश को उस रास्ते पर लेकर जाना चाहते हैं जो हमें मंजूर नहीं है। कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस के साथ गठबंधन किया है। वो कहते हैं कि अगर उनकी सरकार आती है तो अनुच्छेद 370 को फिर से लेकर आएंगे मैं राहुल गांधी को बता देने चाहता हूं कि ये देश एक निशान, एक विधान और एक प्रधान के हिसाब से चलेगा। उधर उधर मुख्यमंत्री हिमंत भाजपा उम्मीदवार निखिल मदान के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस का इतिहास धोखे और फरेब से भरा है। इनसे बचके रहना जरूरी है। उन्होंने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी चुनावों में झूठे वादे करती है और लोगों को भ्रमित करती है। उन्होंने सोनीपत के कांग्रेस उम्मीदवार सुरेंद्र पंवार पर आरोप लगाया कि उनके दो नाम हैं और वह सोनीपत को मिनी बांग्लादेश और पाकिस्तान बना देंगे। शर्मा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अवैध रूप से रोहिंग्या और बांग्लादेशियों को बसाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह देश के संविधान के खिलाफ बातें कर रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस कश्मीर में धारा 370 को फिर से लागू करने की साजिश रच रही है। हिमंत विश्व शर्मा ने निखिल मदान की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने अपने मेयर कार्यकाल में 500 करोड़ रुपए के विकास कार्य कराए और अगर वे चुन जाते हैं, तो सोनीपत में और भी बड़े विकास कार्य होंगे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा, पूर्व मंत्री कविता जैन, पूर्व मंत्री अनिल ठक्कर, पूर्व चेयरमैन ललित बत्रा, पूर्व मुख्यमंत्री मीडिया सलाहकार राजीव जैन, तरुण देवीदास, नवीन मंगला, महेश लूथरा, पूर्व विधायक सत्यवीर त्यागी, मनोज जैन, नरेश वर्मा, सुरेंद्र मदान, मुकेश बत्रा, चेयरमैन रविंद्र दिलावर, बालकिशन अग्रवाल, नीरज अत्रे आदि सभा में भाजपा के कई प्रमुख नेता उपस्थित थे।

### जब आतंकवादी हिंदू ...

आपको दुख होता है या नहीं? सूत्रो ने शर्मा के हवाले से हरियाणा के सोनीपत में एक चुनावी रैली में कहा। शर्मा का यह हमला जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती द्वारा रविवार को लेबनान और गाजा के शहीदों, विशेष रूप से हसन नसरुल्लाह के साथ एकजुटता में अपना चुनाव अभियान रद्द करने के एक दिन बाद आया है। मुफ्ती ने एक्स पर पोस्ट किया था कि लेबनान और गाजा के शहीदों विशेष रूप से हसन नसरुल्लाह के साथ एकजुटता में कल अपना अभियान रद्द कर रही हूं। हम इस दुख की घड़ी में फिलिस्तीन और लेबनान के लोगों के साथ खड़े हैं। उनके हाव-भाव को लेकर मुफ्ती की आलोचना की है। हसन नसरुल्लाह की मौत से महबूबा मुफ्ती को दर्द क्यों होता है एएनआई के अनुसार जम्मू-कश्मीर के पूर्व डिप्टी सीएम कविंदर गुप्ता ने कहा कि ये मगरमच्छ के आंसू हैं और लोग इसके पीछे की मंशा को समझते हैं। इस तरह की साजिश से कुछ हासिल नहीं होगा; हमें मानवता के नाते बोलना चाहिए। शनिवार को, इजरायली सेना ने कहा कि उसने लेबनान की राजधानी बेरूत में हवाई हमले में 64 वर्षीय हिज़्बुल्लाह प्रमुख हसन नसरुल्लाह को मार गिराया। हसन नसरुल्लाह मर चुका है, सैन्य प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल नादव शोशानी ने एक्स पर घोषणा की। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने नसरुल्लाह की हत्या को आने वाले वर्षों में क्षेत्र में शक्ति संतुलन को बदलने की दिशा में एक आवश्यक कदम बताया। नेतन्याहू ने एक बयान में कहा कि नसरुल्लाह आतंकवादी नहीं था, वह आतंकवादी था। उन्होंने आने वाले दिनों में चुनौतियों की चेतावनी दी। बाद में हिजबुल्लाह ने नसरुल्लाह की हत्या की पुष्टि की।

### कामरूप मेट्रो जिले ...

के लिए सुरक्षा उपाय बढ़ाने का आदेश दिया है। तत्काल प्रभाव से, सभी स्कूलों को कक्षाएं शुरू होने से पहले छात्रों के स्कूल बैग और जेबों की दैनिक जांच करने की आवश्यकता है। कक्षा शिक्षकों को यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी होगी कि छात्र कोई हथियार, हथियार, नुकीली वस्तुएं या तरल पदार्थ, गुटखा, तंबाकू या सिगरेट जैसे हानिकारक पदार्थ नहीं ले जा रहे हैं। यदि कोई प्रतिबंधित वस्तु पाई जाती है, तो उसे तुरंत जब्त कर लिया जाना चाहिए, और माता-पिता को बिना देरी किए सूचित किया जाना चाहिए।

### एजल पहुंचे त्रिपुरा...

राज्यपाल के रूप में अतिरिक्त प्रभार संभालने के लिए नियुक्त किया गया था। वर्तमान राज्यपाल डॉ. हरि बाबू कंभमपति स्वास्थ्य कारणों के चलते छुट्टी पर हैं। 2021 में मिजोरम के राज्यपाल नियुक्त किए गए कंभमपति को 10 सितंबर को फेफड़ों में संक्रमण के कारण हैदराबाद के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। राजभवन के सूत्रों ने बताया कि राज्यपाल को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है और वह अब विशाखापत्तनम में अपने घर पर आराम कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि हालांकि उनकी हालत अब स्थिर है, लेकिन कंभमपति राज्यपाल के रूप में अपना कर्तव्य फिर से शुरू करने की स्थिति में नहीं हैं।

### वन नेशन-वन इलेक्शन ...

होगा। इसमें अनुच्छेद 83(2) में संशोधन करने का भी प्रावधान है। इस विधेयक में लोकसभा की अवधि और विघटन से संबंधित नए उप-खंड (3) और (4) को शामिल करने का प्रस्ताव रखा जाएगा। इस विधेयक में विधानसभाओं के विघटन एवं अनुच्छेद 327 में संशोधन किया जाएगा और उसमें *एक साथ चुनाव* शब्द को शामिल किया जाएगा। हालांकि इस विधेयक को 50 फीसदी 50 प्रतिशत राज्यों के समर्थन की जरूरत नहीं होगी। वहीं दूसरे दूसरे संविधान संशोधन विधेयक के लिए 50 प्रतिशत राज्य विधानसभाओं के समर्थन की जरूरत होगी। स्थानीय निकायों के चुनावों के लिए राज्य चुनाव आयोगों के परामर्श से चुनाव आयोग के मतदाता सूची तैयार की सिफारिश की जाएगी और इसमें भी संशोधन की जरूरत है। संवैधानिक रूप से चुनाव आयोग और राज्य चुनाव दोनों ही अलग-अलग निकाय हैं। चुनाव आयोग राष्ट्रपति, राज्यसभा, उपराष्ट्रपति, लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और राज्य विधान परिषदों के लिए चुनाव कराता है, जबकि राज्य चुनाव आयोग नगर पालिकाओं एवं पंचायतों का चुनाव कराता है। प्रस्तावित दूसरे संविधान संशोधन विधेयक में अनुच्छेद 324ए जोड़ने का प्रावधान है। इसमें लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के साथ-साथ नगर पालिकाओं और पंचायतों के लिए एक साथ चुनाव कराने का प्रावधान है। तीसरा विधेयक एक साधारण विधेयक है। यह विधेयक विधानसभा वाले केंद्र शासित प्रदेशों... दिल्ली, पुडुचेरी, और जम्मू-कश्मीर से कानूनों के प्रावधानों में संशोधन करेगा। यह एक साधारण विधेयक है और इसमें न तो संविधान में बदलाव की आवश्यकता है और न ही राज्यों के समर्थन की। लोकसभा चुनाव की घोषणा से ठीक पहले मार्च में सरकार को रामनाथ कोविंद कमेटी ने अपनी सिफारिश सौंपी थी। केंद्र सरकार ने हाल में इस सिफारिश को मान ली है।

### बिहार में टूटा ...

टूट जाने से प्रखंड के मधकौल, मरार, जाफरपुर, ओलीपुर गांव में बागमती का पानी तेजी से फैल रहा है। ग्रामीणों ने उक्त बांध के टूट जाने की जानकारी वरीय अधिकारी को दी है। सूचना के बाद एसडीओ मौके पर पहुंचे हैं। मधकौल बांध टूटने के बाद तीव्र गति से पानी गांव की तरफ बढ़ रहा है।आस पास के तकरीबन आधा दर्जन गांव उक्त बाढ़ से प्रभावित हो गए है, जिसमें सैकड़ो घर प्रभावित हुए है।

### मोदी को हटाने ...

नौकरियां देंगे। लेकिन सवाल है कि 10 साल में आपने क्या किया, क्यों नौकरियां नहीं दीं? जम्मू-कश्मीर में 65 प्रतिशत सरकारी पद खाली हैं, इतने साल में आपने इन पदों को क्यों नहीं भरा? असलियत ये है कि ये केवल लोगों को गुमराह करना चाहते हैं। खड़गे ने कहा कि नरेंद्र मोदी कहते थे- हर साल 2 करोड़ नौकरियां देंगे, विदेशों से काला धन लाएंगे और सबके खाते में 15-15 लाख आएगा। नरेंद्र मोदी अपने इन वादों को पूरा नहीं कर पाए। जो व्यक्ति झूठ बोलता है, जनता उसे कभी माफ नहीं करती है। जम्मू-कश्मीर की जनता भी नरेंद्र मोदी को कभी माफ नहीं करेगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि देश में नेहरू जी ने बड़े-बड़े संस्थान बनवाए, कारखाने लगवाए। उन्होंने देश में सड़क, रेल और विकास से जुड़े कई काम किए, जिससे तरक्की हुई। यूपीए की सरकार में जम्मू-कश्मीर में पीर पंजाल की टनल समेत विकास के कई काम हुए। मनरेगा, फूड सिक्योरिटी एक्ट आया। बच्चों को मुफ्त शिक्षा का अधिकार दिया। नरेंद्र मोदी ने विकास के नाम पर जनता को केवल बेरोजगारी, महंगाई और अत्याचार दिया। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों ने ठान लिया है कि इस बार कांग्रेस और हृष्ट के गठबंधन को सरकार में लेकर आना है। भाजपा के लोग यहां आकर भड़काऊ भाषण देते हैं। लेकिन उन्हें पता होना चाहिए कि इससे देश के लोगों का... खासकर गरीबों और हमारी मां-बहनों का नुकसान होता है। खड़गे ने मोदी पर लोगों को धोखा देने का आरोप लगाया और कहा कि नरेंद्र मोदी और भाजपा ने जम्मू-कश्मीर के लोगों से झूठे वादे कर उन्हें धोखा दिया है। उनका जीवन तबाह किया है। हम जम्मू-कश्मीर में *जनता की सरकार* चलाएंगे। आप सभी के जीवन में खुशहाली लाएंगे। जब तक इस देश में छुआछूत रहेगा, तब तक आरक्षण जारी रहेगा। इस देश में आरक्षण को कोई खत्म नहीं कर सकता है।

### प्रदर्शनकारी डॉक्टर्स को ...

यह जूनियर डॉक्टरों का मंच है। आप कृपया यहां से चले जाएं। हम आपसे हाथ जोड़कर अनुरोध करते हैं। शुक्रवार को एक मरीज के परिजनों ने उत्तर 24 परगना जिले के कमरहाटी इलाके में स्थित सागर दत्ता अस्पताल में डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफ के साथ मारपीट की। इस घटना के विरोध में डॉक्टर्स ने काम रोक दिया और हड़ताल शुरू कर दी। डॉक्टर्स की मांग है कि अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर किया जाए। रविवार को डॉक्टर्स की हड़ताल का तीसरा दिन है। बीते दिनों कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में बंगाल सरकार घिरी हुई है। इस मुद्दे पर राजनीति भी खूब हो रही है। यही वजह है कि जब सागर दत्ता अस्पाल में भी डॉक्टर्स ने विरोध प्रदर्शन शुरू किया तो कांग्रेस नेता उन्हें समर्थन देने पहुंच गए। हालांकि डॉक्टर्स ने कांग्रेस नेताओं को मुद्दे पर राजनीति करने से रोक दिया। डॉक्टर्स ने कहा कि उनका प्रदर्शन गैर-राजनीतिक है और किसी भी राजनेता को उनके मंच में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### दो पूर्व मंत्री सहित...

विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे देवेंद्र कादियान को भी रास्ता दिखा दिया है। इससे पहले कांग्रेस ने पार्टी उम्मीदवारों के खिलाफ बगावत कर चुनाव लड़ रहे 24 बागियों को पार्टी से निष्कासित किया था। हरियाणा भाजपा जिन 8 बागियों को पार्टी से निकाला है। उनमें इन तीन नेताओं के अतिरिक्त असंध से जिलेराम शर्मा, सफीदों से बच्चन सिंह आर्य, लाडवा से संदीप गर्ग, गुरुग्राम से नवीन गोयल महम से राधा अहलावत, और हथीन से केहर सिंह रावत शामिल हैं। इन सभी बागी नेताओं को पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित किया गया है। हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा ने पहली लिस्ट में 67 उम्मीदवारों के नाम की सूची जारी की थी, लेकिन पार्टी ने रणजीत सिंह चौटाला का टिकट नहीं दिया था। उनकी जगह शीशपाल कंबोज का उम्मीदवार बनाया गया था। इससे नाराज रणजीत सिंह चौटाला ने रानियां विधानसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया था। इसी तरह से मन्नत ग्रुप होटल्स के चेयरमैन देवेंद्र कादियान गन्नौर विधानसभा सीट से टिकट की मांग कर रहे थे, लेकिन पार्टी ने इस सीट से देवेंद्र कौशिक को उम्मीदवार घोषित कर दिया। इससे नाराज कादियान ने गन्नौर सीट से निर्दलीय उम्मीदवार बने हैं। महम हलके से टिकट नहीं मिलने से नाराज राधा अहलावत निर्दलीय चुनाव लड़ रही हैं। राधा अहलावत के पति शमशेर खरकड़ा इनेलो से भाजपा में आए थे इस बार उन्होंने अपनी पत्नी राधा अहलावत के लिए टिकट की मांग की थी, लेकिन पार्टी ने भारतीय कबड्डी टीम के पूर्व कप्तान दीपक हुड्डा को उम्मीदवार बनाया है। जिससे वह नाराज हैं। ऐसे में पार्टी ने चुनाव के एक हफ्ते पहले बागी उम्मीदवारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर कड़ा संदेश देने की कोशिश की है।

### हिमाचल, कर्नाटक व ...

पर झूठ बोलने वाले राहुल गांधी सुन लें, हरियाणा के एक-एक अग्निवीर को हरियाणा की भाजपा सरकार पेंशन वाली नौकरी देगी। दस साल तक हरियाणा में रहकर राज करने वाली हुड्डा सरकार ने डीलरों और दामाद को बढ़ावा देने वाली कांग्रेस ने दिल्ली के दामाद को धनवान बनाने के लिए किसानों की सैकड़ों एकड़ जमीन भेंट कर दी। गृहमंत्री ने कहा कि वह हरियाणा में कई हलकों में दौरा कर चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पूरे हरियाणा में कमल खिल रहा है और भाजपा जीत की हैट्रिक लगाने वाली है। दूसरी तरफ मुख्यमंत्री पद के लिए कांग्रेस के नेता आपस में झगड़ रहे हैं। हरियाणा में न कांग्रेस की सरकार आएगी, न मुख्यमंत्री बनेगा, हरियाणा में इस बार भी भाजपा का मुख्यमंत्री बनेगा। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस तुष्टीकरण में अंधी हो चुकी है, इनके मंचों पर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगते हैं और इनके नेता चुप रहते हैं। कांग्रेस के जमाने में नौकरियों के लिए घूस देनी पड़ती थी, भाजपा की सरकार में डाकिया घर आकर नियुक्ति पत्र देता है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि कांग्रेस की सरकार दलाल, डीलर और दामादों वाली थ्री डी सरकार थी। कांग्रेस की सरकार में हरियाणा के कोने-कोने की जमीन अपने दामादों की दी। नांगल चौधरी की जनसभा में उन्होंने महान स्वतंत्रता सेनानी राव तुला राम का स्मरण किया, जिन्होंने सन् 1957 की क्रांति में अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिए थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा के माताओं को प्रणाम करता हूं जिन्होंने अपने नौनिहालों को मां भारती की रक्षा के लिए सेना में भेजा। हरियाणा की वीर भूमि से ही वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी ने देश में परिवर्तन लाने के लिए चुनाव प्रचार शुरू किया था। मोदी जी ने वादा किया था कि वन रैंक वन पेंशन की लंबित मांग को पूरी करेंगे। शाह ने कहा कि तीन अक्तूबर को माता रानी का त्यौहार नवरात्रि शुरू हो रहा है। सरकार बनाने के लिए 05 अक्तूबर को हरियाणा की जनता को मतदान करना है। 5 अक्तूबर को वोट डालते वक्त *शक्ति* का अपमान करने वाले राहुल बाबा और उसकी कांग्रेस पार्टी को जवाब देना है। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी वोट बैंक के लिए तुष्टिकरण में अंधे हो गए हैं।

### नसरुल्लाह की मौत ...

कई वरिष्ठ कमांडर को ठिकाने लगा चुका है। कौक 1980 के दशक से ही हिज्बुल्लाह का वरिष्ठ सदस्य था और इससे पहले दक्षिणी लेबनान में हिज्बुल्लाह के सैन्य कमांडर के रूप में काम कर चुका था। अमेरिका ने 2020 में उसके खिलाफ प्रतिबंधों की घोषणा की थी। सेंट्रल काउंसिल के उप प्रमुख नबील कौक से पहले इजराइल की सेना ने हिज्बुल्लाह के चीफ हसन नसरुल्लाह को मार गिराया था। नसरुल्लाह की मौत के बाद से ईरान भड़का हुआ है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराकची ने एक बयान जारी किया है, जिसमें उन्होंने चुप नहीं बैठने और मुंहतोड़ जवाब देने की बात कही है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से नसरुल्लाह की मौत एक बड़ी क्षति है, लेकिन इससे प्रतिरोध में कोई बाधा नहीं आएगी और जैसे हिज्बुल्लाह के पूर्व जनरल सेक्रेटरी सैय्यद अब्बास अल मुसावी की मौत की तरह, नसरुल्लाह की मौत से हिज्बुल्लाह की ताकत को बढ़ाया है और आज हिज्बुल्लाह की ताकत की सीमा की कोई तुलना नहीं है।

### हर दुर्गा पूजा ...

जरिए यह घोषणा की। उन्होंने राज्य की पूजा समितियों से राज्य सरकार से वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए जिला आयुक्त से संपर्क करने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि असम सरकार न केवल पूजा समितियों या बिहू समितियों को बल्कि *भावना* के दौरान भी वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने कहा है कि यह योजना यह सुनिश्चित करने के लिए लागू की जा रही है कि असम सरकार असम में हर त्योहार के दौरान लोगों के साथ जश्न मना सके। उन्होंने कहा कि यह योजना सरकार को लोगों तक पहुंचने में मदद करेगी।

## खड़गे पिता-पुत्र असम विरोधी रहे हैं : पीयूष



असम ( हिंस )। राज्य के सूचना प्रसारण आदि मामलों के मंत्री पीयूष हजारिका ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा उनके पुत्र प्रियम खड़गे की कड़े शब्दों में निंदा की है। मंत्री हजारिका ने रौता में एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे प्रियम खड़गे पर निशाना साधा। मंत्री हजारिका ने मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे प्रियम खड़गे द्वारा असम में सेमी कंडक्टर को लेकर की गई टिप्पणी को असम विरोधी बताया। मंत्री हजारिका ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष पिता-पुत्र हमेशा से ही असम विरोधी रहे हैं। यह कोई नई बात नहीं है। कांग्रेस ने बार-बार असम का अपमान किया है। डॉ. भूपेन हजारिका को भारत रत्न दिए जाने के समय भी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष इसके विरुद्ध थे। हजारिका ने मंत्री पद पर रहते हुए प्रियम खड़गे द्वारा अन्य राज्यों के खिलाफ इस तरह की अपमानजनक टिप्पणी को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। मंत्री हजारिका ने सांसद गौरव गोगोई द्वारा सेमी कंडक्टर पर प्रियम खड़गे की टिप्पणी का सबूत मांगने पर अपना गुस्सा जाहिर किया। मंत्री हजारिका रौता बाथो मंदिर परिसर में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। मन की बात कार्यक्रम के बाद मंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक बैठक की। मंत्री ने माजबाट विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की सदस्यता कम होने को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा अल्पसंख्यक मतदाताओं की बहुलता वाले जागीरोड में बड़ी संख्या में सदस्य बना सकती है, तो माजबाट विधानसभा क्षेत्र के पार्टी पदाधिकारी इस मामले में पीछे क्यों हैं? मंत्री ने कहा कि पूरे भारत में करीब 55 लाख लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया गया है।

## विद्या भारती शिक्षा संस्कृति न्यास की वार्षिक आम बैठक आयोजित

गुवाहाटी ( हिंस )। विद्या भारती शिक्षा संस्कृति न्यास की वार्षिक आम सभा रविवार को प्रागज्योतिषपुर विश्वविद्यालय के अमृत भवन सभागार में आयोजित हुई। ट्रस्ट के अध्यक्ष संचीराम पाएंगे की अध्यक्षता में बैठक की वार्षिक रिपोर्ट सचिव दीपक दास द्वारा प्रस्तुत किया गया। वर्ष 2023-24 के लिए लेखा परीक्षक की रिपोर्ट और वर्ष 2023-24 के बजट को ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष अरुण चौधरी ने प्रस्तुत किया। भविष्य की योजनाओं की चर्चा करते हुए केंद्रीय विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के मंत्री डॉ. पवन तिवारी ने ट्रस्ट द्वारा तकनीकी शिक्षा की प्रगति, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए गए कार्य, नागरिकों के कर्तव्यों के बारे में जागरूकता पैदा करने, सुधार केंद्रों की स्थापना आदि का उल्लेख किया।

## कड़ी सुरक्षा के बीच राज्य में एडीआरई भर्ती परीक्षा संपन्न

गुवाहाटी ( हिंस )। असम डायरेक्ट रिक्रूटमेंट एक्जाम (एडीआरई) के लिए असम सरकार द्वारा तृतीय वर्ग की स्नातक स्तर की लिखित परीक्षा रविवार को सुबह की पाली तथा एचएसएलसी स्तर के चालकों की परीक्षाएं शाम की पाली में आयोजित की गई। राज्यभर में शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न होने की सूचना प्राप्त हुई है। परीक्षा के दौरान कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। सुबह से ही राज्य के परीक्षा केंद्रों पर लोगों की भीड़ उमड़ती देखी गई। परीक्षार्थियों तथा उनके अभिभावकों की बड़ी संख्या में भीड़ के कारण आज दिन भर ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रही। मोबाइल इंटरनेट सेवाएं इस दौरान निलंबित रहने के कारण लोगों को विभिन्न प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़ा। आज दो चरणों में एडीआरई की परीक्षा आयोजित की गई। तृतीय वर्ग के लिए परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित हुई। वहीं, एचएसएलसी स्तर के चालकों की परीक्षा दोपहर 1.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक आयोजित हुई। भर्ती परीक्षा राज्यभर के 822 केंद्रों पर आयोजित की गई। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। अभ्यर्थियों को नए एसओपी के साथ परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने की अनुमति दी गई। तृतीय श्रेणी की परीक्षा के लिए कुल 7, 34, 080 अभ्यर्थी इस बार शामिल हुए। पुरुष और महिला अभ्यर्थियों की तलाशी के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है। आंगनबाड़ी कर्मियों, आशा कर्मियो की मौजूदगी में महिला अभ्यर्थियों की तलाशी ली गई। परीक्षा के मद्देनजर राज्य में आज तड़के मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को बंद कर दिया गया। प्रशासनिक आदेश के अनुसार सुबह 8.30 बजे से मोबाइल इंटरनेट बंद किया जाना था। शाम पांच बजे तक इंटरनेट सेवाएं बंद रहीं। हालांकि, इस दौरान वॉयस कॉल की सुविधा चालू रही। साथ ही ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी आधारित टेलीफोन सेवाएं भी चालू रही। लेकिन, तय समय के पहले ही गुवाहाटी में मोबाइल इंटरनेट सेवा को बंद कर दिया गया। जिस कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## गौहाटी विवि परिसर में हुई हिंसा दुर्भाग्यपूर्ण : अभाविप




गुवाहाटी ( हिंस )। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने 26 सितंबर को स्नातकोत्तर छात्र संघ (जीयूएसयू) के परिणामों को लेकर गौहाटी विश्वविद्यालय के दो छात्रावासों के छात्रों के बीच हुई हिंसक घटनाओं की कड़ी निंदा की है। परिषद ने घायल छात्रों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। गौहाटी विश्वविद्यालय के छात्रावासों में केवल प्रतिभाशाली छात्रों को ही सीट मिलती है, जिनमें से अधिकांश आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से आते हैं। पूरे असम और पूर्वोत्तर से ये छात्र गौहाटी विश्वविद्यालय में दाखिला लेकर छात्रावासों में रह रहे हैं। हालांकि, लंबे समय से छात्रावासों में गुंडों और अन्य लोगों के अवैध रूप से बसने से विश्वविद्यालय का शैक्षणिक माहौल खराब हो गया है। 18 मार्च, 2024 को अभाविप ने एक रचनात्मक समारोह आयोजित किया। इस दौरान परिषद के झंडे, शक्तिपीठ कामाख्या और बीर लचित बरफूकन की तस्वीरों वाले पोस्टरों को लात मारकर विश्वविद्यालय परिसर में अशांति फैलाई गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस पहुंची और विश्वविद्यालय के गेट के बाहर इंतजार करती रही, लेकिन रहस्यमय तरीके से अधिकारियों ने पुलिस को विश्वविद्यालय में प्रवेश नहीं करने दिया और मूकदर्शक बने रहे। यदि विश्वविद्यालय ने उसी दिन इन तत्वों का कठोर हाथों से दमन किया होता, तो ऐसी घटना फिर नहीं होती। विद्यार्थी परिषद विश्वविद्यालय के सुधार के लिए कई कदम उठाने की सिफारिश की है। इनमें घायल छात्रों को मुफ्त चिकित्सा प्रदान करने, ऐसी घटनाओं को अंजाम देने और भड़काने वाली बाहरी और आंतरिक बुरी ताकतों की पहचान कर इन ताकतों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने आदि की मांग की गई है।

## तीन करोड़ मूल्य के मादक पदार्थ के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

कछार ( असम ) ( हिंस )। कछार जिले के काटीगोरा इलाके में पुलिस ने खुफिया सूचना के आधार पर अभियान चलाते हुए मादक पदार्थ के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। कछार जिला पुलिस अधीक्षक ने रविवार को बताया कि अवैध मादक पदार्थों को लेकर मिली खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को बीती रात गिरफ्तार किया गया।

## मालीगांव काली मंदिर की दुर्गापूजा : बाल्य शिक्षा के माध्यम से समाज का जागरण

गुवाहाटी ( हिंस )। शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के नौ रूपों की आराधना की तैयारियां पूरे असम में जोरों से चल रही हैं। जगह-जगह पंडाल सजे हुए हैं। जो किसी न किसी थीम पर आधारित हैं। असम की राजधानी गुवाहाटी के मालीगांव कालीबाड़ी की दुर्गापूजा हर वर्ष एक विशेष आकर्षण के साथ आयोजित होती है, जो न केवल स्थानीय निवासियों बल्कि, दूर-दूर से आए दर्शकों का भी मन मोहने में सफल होती है। इस वर्ष के दुर्गापूजा आयोजक कमेटी ने एक अनूठा विषय चुना है-*बाल्य शिक्षा।* इस विषय का चयन कर काली मंदिर की पूजा समिति ने एक महत्वपूर्ण संदेश देने का प्रयास किया है। मंदिर के अध्यक्ष संजीत शिकदार और सचिव अमिताभ चौधरी ने बताया कि वर्तमान समय में शिक्षा प्रणाली के बारे में कई चर्चाएं हो रही हैं, खासकर मातृभाषा माध्यम के छात्रों में अंग्रेजी भाषा का भय एक बड़ी समस्या बन चुकी है। इसलिए, मालीगांव कालीबाड़ी की पूजा समिति ने *बाल्य शिक्षा* विषय को चुना है, जिसका केंद्र बिंदू मातृभाषा में प्राथमिक शिक्षा की आवश्यकता है। उल्लेखनीय हैं कि बाल्य शिक्षा की महत्ता और मातृभाषा के माध्यम से शिक्षा के मजबूत आधार का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। मातृभाषा एक बच्चे की पहली पहचान होती है और यह उसके मानसिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस विषय को ध्यान में रखते हुए, पूजा समिति ने प्रतिमा और पंडाल की सजावट के माध्यम से इस विचार को व्यक्त करने का निर्णय लिया है। पंडाल को एक प्राचीन विद्यालय के रूप में तैयार किया जाएगा, जिसमें विद्यालय की चित्रमाला, बच्चों के लिए किताबें, कापियां और अन्य शिक्षण सामग्री का उपयोग किया जाएगा। इसके अलावा, पूजा समिति ने बच्चों के लिए एक चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया है, जिसमें बच्चे अपनी कल्पना और रचनात्मकता के माध्यम से शिक्षा के विभिन्न पहलुओं को उजागर कर सकेंगे। महिलाओं के लिए एक आरती प्रतियोगिता भी आयोजित की गई है, जिसमें महिलाएं देवी दुर्गा की आरती प्रस्तुत करेंगी। मालीगांव काली मंदिर की दुर्गापूजा इस वर्ष 74वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। अध्यक्ष संजीत शिकदार और सचिव अमिताभ चौधुरी ने बताया कि इस वर्ष का बजट 15 लाख रुपए है। पश्चिम बंगाल के प्रसिद्ध मूर्तिकार दीप्ति रेख भर पारंपरिक प्रतिमा बनाएंगे, जबकि पंडाल का निर्माण सुबल रॉय करेंगे। पंचमी को विशिष्ट व्यक्तियों द्वारा पंडाल का उद्घाटन किया जाएगा।

## उल्लास महिला समिति ने टीवी हॉस्पिटल में दिया सहयोग



गुवाहाटी ( विभास )। समाज सेवा में सक्रिय उल्लास महिला समिति ने बीरूबाड़ी स्थित टीबी हॉस्पिटल में सहयोग करते हुए 12 सीलिंग फैन लगवाए। इसके अलावा रोगियों का हाल-चाल पूछ कर उन्हें शरबत और बिस्कुट आदि भी वितरण किया। उल्लास महिला समिति की अध्यक्षता चंद्रकांता घोड़ावत ने इस अवसर पर कहा कि उल्लास महिला समिति समाज सेवा कार्य के अलावा रोगियों एवं हॉस्पिटलों को भी समय-समय पर अपना सहयोग देती आ रही है। यह सहयोग कभी छोटा होता है तो कभी बड़े रूप में भी दिया जाता है। इस अवसर पर अस्पताल के डॉक्टर पीके पाठक ने समिति का आभार प्रकट करते हुए कहा कि अस्पताल में गर्मी के दिनों में काफी दिनों से पंखों की कमी महसूस की जा रही थी। अत्यधिक गर्मी पडने की वजह से जो पंखे मौजूद हैं वे कम पड़ जाते थे। उल्लास महिला समिति को हमने अनुरोध किया और उन्होंने हमारे अनुरोध को स्वीकार करते हुए 12 पंखे टीवी हॉस्पिटल में लगवाए। महिला समिति की मंत्री मंजू दुग्गड़ ने कहा कि भविष्य में हम टीवी हॉस्पिटल में अन्य जरूरत के सामान भी प्रदान करने को सदैव तैयार रहेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कोषाध्यक्ष मंजू बेगवानी के अलावा गुलाब दुग्गड़, प्रभा छाजेड़, अमिता भंसाली, राज सुराणा, ममता घोड़ावत, सुमन झाबक, पुखराज गोलछा, सुमन मालू, पुष्पा सेठिया और प्रमिला सेठिया ने सक्रिय सहयोग दिया।

## उत्तर-पूर्वी क्षेत्र कृषि यंत्र प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान का हिंदी पखवाड़ा का भव्य समापन




विश्वनाथ चाराली ( हिंस )। कृषि मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने उत्तर पूर्वी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान परिदर्शन किया। दो दिन के कार्यसूची लेकर संस्थान के परिदर्शन के लिए आए कृषि मंत्रालय के वित्त विभाग के उपसचिव जीसी शाहा और प्रशासनिक विभाग के अनुभाग अधिकारी राजीव कुमार झा ने संस्थान द्वारा प्रस्तावित निर्माण कार्य, विभिन्न प्रशासनिक कार्य का संस्थान के अग्रगति का जायजा लिया। संस्थान के निदेशक पी कमलाबाई ने कृषि क्षेत्र में नई प्रयुक्ति जोड़कर फसलों के उत्पादनों में बढ़ोतरी लाने के लिए और किसानों को लाभान्वित तथा उत्साहित कर संस्थान के लिए और उद्देश्य में सफलता हासिल करने हेतु विभिन्न कार्यों का विवरण दिया। इस उपरान्त, समग्र देश के साथ असम के विश्वनाथ जिले में स्थित उत्तर पूर्वी क्षेत्र कृषि यंत्र प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान के सभागार में आज संस्थान का हिंदी पखवाड़ा समारोह का धूमधाम से सम्पन्न हुआ। संस्थान के पुस्तकालय एवं सूचना सहायक सुनील प्रधान द्वारा संचालित समारोह सभा में संस्थान के निदेशक पी. कमलाबाई, विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि मंत्रालय के वित्त विभाग के उपसचिव जी.सी.शाहा और प्रशासनिक विभाग के अनुभाग अधिकारी राजीव कुमार झा और कार्यालय प्रमुख व कृषि अभियंता एम आर पाटिल, कृषि अधीक्षक तेजवीर सिंह, कृषि अभियन्ता रजनीश पटेल, प्रशासनिक अधिकारी बितुल पाएंगे लगायत संस्थान के सभी अधिकारी, कर्मचारी, प्रशिक्षुओं समारोह में उपस्थित थे। हिंदी को बढ़ावा देने के लिए समारोह के दौरान संस्थान द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किया गया और 28 सितंबर को भव्य रूप में हिंदी समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्थान के महिला द्वारा सामूहिक गीत से शुभारंभ हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम में अधिकारी, कर्मचारी, बच्चे, प्रशिक्षुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और गीत, नृत्य प्रदर्शन किया। अन्त संस्थान द्वारा में प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

## भोजपुरिया ब्राह्मण समन्वय समिति गठित



गुवाहाटी। आश्विन कृष्णपक्ष द्वादशी रविवार को महानगर के चाबीपुल स्थित श्री राम जानकी मंदिर में भोजपुरी ब्राह्मण समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। जिसमें भोजपुरी ब्राह्मण समाज के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। वहीं वैदिक मंत्रोच्चारण से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। इस कार्यक्रम का संचालन अवकाश प्राप्त शिक्षक व विद्वान पंडित प्रभुनाथ पांडेय ने किया। इसके साथ ही सर्व सम्मति से भोजपुरिया ब्राह्मण समन्वय समिति का गठन हुआ। साथ ही अध्यक्ष, सचिव, महासचिव के साथ अन्य पदाधिकारियों का भी चयन किया गया। सभी उपस्थित ब्राह्मण ने करतल ध्वनि से समिति के गठन का स्वागत किया। समिति शास्त्र सम्मत व्रत व त्योहार तिथि का निर्णय, आकस्मिक घटना व दुर्घटना में सहायता के लिए तत्पर, असहाय कन्याओं के विवाह में सहयोग, अग्रिम भविष्य में एंबुलेंस की योजना, ड्क्षहदुत्व जागृति के लिए हमेशा अग्रसर रहेगी। आज संगठन में चयनित प्रतिनिधियों में अध्यक्ष जितेंद्र मिश्र, सचिव राजन त्रिपाठी, महासचिव श्याम किशोर तिवारी, कोषाध्यक्ष मुन्ना तिवारी, जन संपर्क अधिकारी कमलेश्वर पांडेय के साथ अन्य चयनित प्रतिनिधिगण के अलावा भारी संख्या में गणमन्य लोग उपस्थित थे। मौके पर अध्यक्ष जितेंद्र मिश्र ने कहा कि यह समिति हमेशा ही समाजहित में काम करेगी।

## असम दूर संचार परिमंडल में हिंदी पखवाड़े का आयोजन हर्षोल्लास संपन्न




गुवाहाटी ( विभास )। बीएसएनएल असम दूरसंचार परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय पानबाजार, गुवाहाटी में हिंदी पखवाड़ा का समापन 28 सितंबर को किया गया। हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ 14 सितंबर हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में किया गया था। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार संपत मिश्र उपस्थित थे। समापन समारोह के आरंभ में मुख्य अतिथि को बीएसएनएल असम के मुख्य महाप्रबंधक रूपा पॉल चौधरी ने असम के पारंपारिक तरीके से फूलाम गमछा और जापी से स्वागत किया। इस अवसर पर समापन समारोह में प्रधान महाप्रबंधक (सीएफए) सत्येन डेका, वरिष्ठ महाप्रबंधक (प्रशा.) जीतेन्द्र बहादुर सिंह, महाप्रबंधक (ई.बी) वारा प्रसाद काला, मुख्य अभियंता (विद्युत) विजय कुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता (सिविल) अमन जैसवाल तथा सर्किल कार्यालय और कामरूप दूरसंचार जिला के कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित थे। हिंदी पखवाड़े के दौरान कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए निबंध लेखन, कविता पठन एवं स्लोगन रचना जैसी विभिन्न तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी। इन प्रतियोगिताओं में विजेताओं को समापन समारोह में पुरस्कृत किया गया। हिंदी कविता पाठ के विजयी प्रतियोगी सुवर्णा बोरो रॉय और आदर्श माहेश्वरी ने अपना कविता पाठ से सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता (विद्युत) विजय कुमार गुप्ता ने एक आकर्षक भाषण प्रदान किया। साथ ही रमेश कुमार (इ.इ सिविल) ने एक सुंदर कविता पाठ किया और कुणाल भट्टाचार्य ने एक सुंदर गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ महाप्रबंधक (प्रशा.) और मुख्य अतिथि ने भाषण दिए। मुख्य अतिथि संपत मिश्र ने हिंदी पखवाड़ा के महत्व को बहुत सुंदर तरीके से अपने भाषण में व्यक्त किया। समारोह के अंत में हिंदी पखवाड़ा के कार्यक्रम संयोजक राजभाषा अधिकारी सौरव बोरगोहाई को उनके काम के लिए बधाई दी गई। हिंदी पखवाड़े का समापन समारोह का संचालन सुमन पॉल ने किया।

## उदाली पुलिस ने मवेशी चोर को दबोचा

होजाई ( असम ) ( हिंस )। होजाई जिले के लंका के उदाली पुलिस चौकी प्रभारी नेत्र कमल बोरा के नेतृत्व में चलाये गये अभियान के दौरान एक शातिर पशु चोर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस चौकी प्रभारी ने रविवार को बताया कि मवेशी चोरी में शामिल रमीजुल इस्लाम के बयान के आधार पर पुलिस ने नगांव जिले के सामुगुड़ी से मवेशी चोर इमादुल को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों चोर काफी लंबे समय से उदाली इलाके में मवेशी चोरी की वारदात को अंजाम दिया करते थे। पुलिस पहले से दर्ज प्राथमिकी के आधार पर गिरफ्तार मवेशी चोर से सघन पूछताछ कर रही है।

## मारपीट के आरोप में दो पुलिसकर्मी निलंबित

गुवाहाटी ( हिंस )। गुवाहाटी के छह माईल के फ्लावर के नीचे ड्यूटी के दौरान मारपीट करने की आरोप में दो पुलिसकर्मी को विभागीय जांच के बाद नौकरी से निलंबित कर दिया गया है। पुलिस सूत्रों से मिली आज जानकारी के अनुसार गुवाहाटी के छह माईल के फ्लावर फ्लाईओवर के नीचे सार्वजनिक स्थान पर ड्यूटी के दौरान दो ट्रैफिक पुलिस मुकुल मोरान और नवीन नाथ ने जमकर मारपीट किया था। घटना की तस्वीर वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुई थी। मारपीट की घटना सार्वजनिक होने के विभागीय जांच के बाद दिसपुर पुलिस थाने के यातायात शाखा के पुलिस मुकुल मोरान और नवीन नाथ को नौकरी से निलंबित कर दिया गया।

## वाहन लेकर आए एडीआरई परीक्षार्थी से अवैध वसूली को लेकर रंगिया पौर अध्यक्ष ने मांगी माफी



रंगिया ( निसं )। रंगिया पौरसभा के पौरपति ने असम के लोगों से माफी मांगी है। घटना के विवरण के अनुसार आज एडीआर परीक्षा का एक केंद्र रंगिया स्टेशन के जलटीराम लहकर हाई स्कूल में रखा गया था। वहां परीक्षा देने आए परीक्षार्थियों के वाहन मार्ग किनारे पर पार्क करने के नाम पर रंगिया के एक महालदार द्वारा पैसे वसूलने पर कड़ी प्रतिक्रिया हुई है। महलदार बदर अली ने रंगिया पौरसभा की जानकारी के बिना पार्किंग के लिए पौरसभा के नाम पर परीक्षा देने आए लोगों से पैसे वसूलकर रंगिया को बदनाम किया है। चूंकि असम के विभिन्न हिस्सों के उम्मीदवार परीक्षा देने के लिए रंगिया के इस केंद्र पर आए हैं। रंगिया के इस महालदार के इस कुकर्म पर आज सभी रंगिया निवासी लज्जित हुए हैं। इसलिए पूरे रंगिया के लोगों की ओर से रंगिया पौरसभा के महापौर अमरेंद्र लहकर ने असम के लोगों से माफी मांगी। जैसे ही महापौर को पता चला कि महलदार बदर अली ने पौरसभा का नाम लेकर इन लोगों से पैसे वसूले हैं तो मेयर अमरेंद्र लहकर तुरंत इस जगह पर पहुंचे और महलदार को पैसे वापस करने का निर्देश दिया और इस महालदार बदर अली को कल से बर्खास्त कर दिया जाएगा की जानकारी दी है।

## वन बंधु परिषद, गुवाहाटी महिला समिति की सभा *मां का मनुहार* के साथ संपन्न



गुवाहाटी ( विभास )। गुवाहाटी महिला समिति की सदस्यों ने 28 सितंबर को विद्या अनुसंधान केंद्र, छः माइल में मासिक सभा के साथ साथ मां दुर्गा के नवरात्रि आगमन की खुशी में भक्ति से परिपूर्ण *मां का मनुहार* कार्यक्रम का आयोजन किया। सभा का शुभारंभ अध्यक्ष बंदना बगड़िया ने ऊंकार मंत्र से प्रारंभ कर एक प्रेरक कहानी से सभी सखियों का स्वागत किया। जोनल अध्यक्ष ललिता ने इन्दौर में हुई वार्षिक सभा की रिपोर्ट बताई एवं गुवाहटी समिति को जो 2 पुरस्कार मिले उसके बारे में सभी को बताया जिससे सभी बहुत खुश हुए और आगे भविष्य में ज्यादा संख्या में पुरस्कार मिले इस पर सक्रिय अथक प्रयास करने पर विचार किया गया। आगामी 18 अक्तूबर को होने वाले एक्जीबिशन एफटीएस बाजार के बारे में एक्जीबिशन प्रभारी सुशीला जी गुप्ता ने पूरी जानकारी दी एवं सभी बहनों को तैयारी में लगे रहने कहा सचिव किरण खेतान द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। कल्याण मंत्र के साथ सभा का समापन के पश्चात *मां का मनुहार* कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। श्रीमती ज्योति बाजोरिया ने सर्वप्रथम मां दूर्गा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर, भावपूर्ण नृत्य के साथ गणपति का आह्वान किया। तत्पश्चात् सभी बहनों ने गरबा नृत्य करते हुए अपने मनमोहक नृत्य से सभा कक्ष को भक्तिमय बना दिया। मधु जी गोएंका के बेटे की सगाई के उपलक्ष में उन्होंने बहुत ही स्वादिष्ट नाश्ता करवाया। ज्योति बाजोरिया ने अपनी बेटी समारा की याद में 5 एकल विद्यालय हेतु धन राशि अनुदान किया। प्रचार-प्रसार प्रभारी बिमला बजाज ने बताया कि सभी सदस्यों की त्योहारी परिधान में सक्रिय भागीदारी रही राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष उमा देवड़ा, निवर्तमान अध्यक्ष रीता अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष मीरा सराफ, सह कोषाध्यक्ष जयति जाना के साथ अन्य सदस्यों की उपस्थिति से कार्यक्रम बहुत सफल रहा।

संपादकीय

# निर्लज्ज वकालत

यह ज्यादा पुरानी बात नहीं है। पिछले ही माह स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री ने राज्य सरकारों को नसीहत दी थी कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले अत्याचारों के मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। भले ही तात्कालिक रूप में उनके कथन का इशारा कोलकाता में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दुराचार के बाद की गई नृशंस हत्या की तरफ था। उनकी इस बात को राज्यों को व्यापक संदर्भ में लिया जाना चाहिए। वैसे यह संभव नहीं है कि प्रधानमंत्री की स्मृति में वर्ष 2002 के गुजरात के सांप्रदायिक दंगों के दौरान अमानवीय बर्बरता की शिकार बिलकिस बानो का मामला न रहा हो। इस दुखद घटना में गर्भावस्था के दौरान न केवल उसके साथ दुराचार हुआ था बल्कि उसके भरे-पूरे परिवार के सात सदस्यों की भी हत्या कर दी गई थी। सर्वविदित है कि मोदी उन दिनों गुजरात के मुख्यमंत्री थे। संयोग से यह एक और स्वतंत्रता दिवस था, जब वर्ष 2022 में भारत आजादी के 75 साल पूरे होने का जश्न मना रहा था तो गुजरात सरकार ने उन ग्यारह दोषियों को रिहा कर दिया था, जिन्हें इस मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनायी गई थी। दलील दी गई कि तकनीकी तौर पर वे उम्रकैद की निर्धारित अवधि पूरी कर चुके हैं और उनका जेल में व्यवहार संतोषजनक है। जैसे ही ये दोषी ठहराये लोग गोधरा उप-जेल से बाहर निकले, उनका फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया गया था। जैसे वे अक्षम्य अपराध के अपराधी नहीं बल्कि समाज के नायक हों। उल्लेखनीय है कि इस कांड के दोषियों को रिहा करने के चौंकाने वाले फैसले पर विवाद होने और न्यायिक सक्रियता के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इसे रद्द कर दिया था। इस मामले में न केवल राजनीतिक स्तर पर विरोध हुआ बल्कि पीड़ित पक्ष ने दोषियों की रिहाई का कड़ा प्रतिवाद किया था। पीड़ित पक्ष ने दोषियों की रिहाई को अपनी सुरक्षा के लिये खतरा बताते हुए न्यायिक संरक्षण की मांग की थी। इसके बावजूद राज्य सरकार इस मामले में लगातार बचाव करती रही है। अब इस फैसले की समीक्षा की मांग करने वाली राज्य सरकार की कोशिश को शीर्ष अदालत ने खारिज कर दिया है। इस कोशिश से संदेह करने की कोई गुंजाइश नहीं रह जाती कि राज्य के अधिकारियों ने दो साल पहले सजा माफी के लिये आधार तैयार करने के लिये तथ्यों को छिपाकर अदालत की दूसरी पीठ को भ्रमित किया था। उल्लेखनीय है कि पीड़ित पक्ष ने इस मामले में अदालती सुनवाई गुजरात से बाहर करने की मांग की थी। उन्हें आशंका थी कि यदि राज्य में मामले में मुकदमा चलता है तो गवाहों पर दबाव बनाकर न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित किया जा सकता है। इन्ही बातों के मद्देनजर इस मामले में महाराष्ट्र में मुकदमा चला और लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद दोषियों को सजा सुनाई गई थी। निश्चित रूप से इस मामले में माफी आदेश पारित करने का अधिकार भी सिर्फ और सिर्फ महाराष्ट्र सरकार का था। जबकि येन-केन-प्रकारेण गुजरात सरकार ने यह अधिकार हथिया लिया। इसी कड़ी में कालांतर केंद्र सरकार ने आजीवन कारावास की सजा काट रहे लोगों की समय पूर्व रिहाई पर अपनी मोहर लगा दी थी। अब जब एक बार फिर गुजरात सरकार ने इस मामले में मुंह की खाई है तो निश्चित रूप से इस घटनाक्रम ने उसे आत्मनिरीक्षण करने को बाध्य किया होगा। वहीं दूसरी ओर गुजरात सरकार को प्रधानमंत्री के वे शब्द नहीं भूलने चाहिए, जिसमें उन्होंने कहा था- 'हमें महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने वालों में डर की भावना पैदा करने की जरूरत है।' अब चाहे कोई भी राज्य सरकार हो, उसे अपराधियों को संरक्षण देते नजर नहीं आना चाहिए। निश्चित रूप से इससे सरकार की विश्वसनीयता पर आंच ही आएगी। वहीं दूसरी ओर सरकारों की ऐसी भूमिका से अपराधियों का हौसला ही बढ़ेगा। सरकारों का दायित्व बनता है कि वे धर्म व जाति की सीमाओं से परे पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने की ईमानदार कोशिश करें। साथ ही समाज में न्याय होता नजर भी आना चाहिए।

भले ही तात्कालिक रूप में उनके कथन का इशारा कोलकाता में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दुराचार के बाद की गई नृशंस हत्या की तरफ था। उनकी इस बात को राज्यों को व्यापक संदर्भ में लिया जाना चाहिए। वैसे यह संभव नहीं है कि प्रधानमंत्री की स्मृति में वर्ष 2002 के गुजरात के सांप्रदायिक दंगों के दौरान अमानवीय बर्बरता की शिकार बिलकिस बानो का मामला न रहा हो। इस दुखद घटना में गर्भावस्था के दौरान न केवल उसके साथ दुराचार हुआ था बल्कि उसके भरे-पूरे परिवार के सात सदस्यों की भी हत्या कर दी गई थी। सर्वविदित है कि मोदी उन दिनों गुजरात के मुख्यमंत्री थे। संयोग से यह एक और स्वतंत्रता दिवस था, जब वर्ष 2022 में भारत आजादी के 75 साल पूरे होने का जश्न मना रहा था तो गुजरात सरकार ने उन ग्यारह दोषियों को रिहा कर दिया था, जिन्हें इस मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनायी गई थी। दलील दी गई कि तकनीकी तौर पर वे उम्रकैद की निर्धारित अवधि पूरी कर चुके हैं और उनका जेल में व्यवहार संतोषजनक है। जैसे ही ये दोषी ठहराये लोग गोधरा उप-जेल से बाहर निकले, उनका फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया गया था।

### भारतीय चिकित्सा विधाओं में समन्वय की दिशा में सार्थक पहल करने का श्रेय दिया जाना चाहिए

# योग एवं योग-निद्रा के चमत्कारी प्रभाव से वैज्ञानिक सहमत

ललित गर्ग

अमेरिका, यूरोप व खासकर चीन में योग को लेकर बड़े शोध किए जा रहे हैं। कुछ समय पहले नोबेल पुरस्कार के सम्मानित एक अमेरिकी न्यूरो सर्जन ने माना था कि प्राणायाम मानसिक रोगों के उपचार में सबसे ज्यादा प्रभावी है। हाल ही में आईआईटी व एम्स दिल्ली द्वारा एमआरआई के जरिये कराये गए एक अध्ययन में इस बात की पुष्टि हुई कि योग निद्रा से न केवल नींद की गुणवत्ता बढ़ती है बल्कि मन के भटकाव को रोककर नींद को भी नियंत्रित किया जा सकता है। योग अनेक असाध्य बीमारियों को नियंत्रित करने में मददगार साबित हो रहा है।

विश्व में भारतीय योग की प्रासंगिकता एवं उपयोगिता दिनोंदिन बढ़ती जा रही है, योग के चमत्कारी प्रभावों को अब विज्ञान भी स्वीकारने लगा है। अमेरिका, यूरोप व खासकर चीन में योग को लेकर बड़े शोध किए जा रहे हैं। कुछ समय पहले नोबेल पुरस्कार के सम्मानित एक अमेरिकी न्यूरो सर्जन ने माना था कि प्राणायाम मानसिक रोगों के उपचार में सबसे ज्यादा प्रभावी है। हाल ही में आईआईटी व एम्स दिल्ली द्वारा एमआरआई के जरिये कराये गए एक अध्ययन में इस बात की पुष्टि हुई कि योग निद्रा से न केवल नींद की गुणवत्ता बढ़ती है बल्कि मन के भटकाव को रोककर नींद को भी नियंत्रित किया जा सकता है। योग अनेक असाध्य बीमारियों को नियंत्रित करने में मददगार साबित हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार को देश-विदेश में योग को प्रतिष्ठित करने तथा एलोपैथी व अन्य भारतीय चिकित्सा विधाओं में समन्वय की दिशा में सार्थक पहल करने का श्रेय दिया जाना चाहिए। उनके प्रयत्नों से भारतीय योग एवं ध्यान के माध्यम से भारत दुनिया में गुरु का दर्जा एवं एक अनूठी पहचान हासिल करने में सफल हो रहा है।



आज हर व्यक्ति एवं परिवार अपने दैनिक जीवन में अत्यधिक तनाव/दबाव एवं अनिद्रा महसूस कर रहा है। हर आदमी संदेह, अंतर्द्वंद्व और मानसिक उथल-पुथल की जिंदगी जी रहा है। मनुष्य के सम्मुख जीवन का संकट खड़ा है। मानसिक संतुलन अस्त-व्यस्त हो रहा है। मानसिक संतुलन का अर्थ है विभिन्न परिस्थितियों में तालमेल स्थापित करना, जिसका सशक्त एवं प्रभावी माध्यम योग ही है। योग एक ऐसी तकनीक है, एक विज्ञान है जो हमारे शरीर, मन, विचार एवं आत्मा को स्वस्थ करती है। यह हमारे तनाव एवं कुंठा को दूर करती है। जब हम योग करते हैं, श्वासों पर ध्यान केन्द्रित करते हैं, प्राणायाम और कसरत करते हैं तो यह सब हमारे शरीर और मन को भीतर से खुश और प्रफुल्लित रहने के लिये प्रेरित करती है। नये शोध से तथ्य सामने आया है कि नियमित योग व ध्यान करने वाले प्रतिभागियों की नींद को नियंत्रित करने की क्षमता सामान्य प्रतिभागियों से अधिक पायी गई। इस नये वैज्ञानिक शोध में ऐसे कई महत्वपूर्ण खुलासे हुए। निस्संदेह, जिन लोगों को कई तरह के मनोकायिक रोग होते हैं, उनके लिये योग निद्रा रामबाण सिद्ध हो सकती है। यही वजह है कि अमेरिका व आस्ट्रेलिया आदि देशों में व्यावसायिक तनाव कम करने हेतु योग निद्रा पर जोर दिया जाता है। दिल्ली में हुए शोध में योग निद्रा से चेतना के उच्चतम स्तर को हासिल करने के तथ्य को भी स्वीकारा गया। शोधकर्ताओं ने माना कि योग निद्रा के जरिये गहरे अवचेतन मन में दबी कुंठाओं को मानसिक सतह पर लाकर, कालांतर उनसे मुक्ति में मदद मिलती है। जिससे व्यक्ति की सेहत में सुधार होता है। पिछले दिनों कनाडा के ओंटेरियो यूनिवर्सिटी में हुए एक अध्ययन के अनुसार कुंठा और तनाव के लगभग 64 प्रतिशत मरीजों ने माना कि उन्हें इस बात का अंदाज नहीं था कि उनकी खास बीमारी की वजह अंदर दबा गुस्सा हो सकता है। यह गुस्सा दूसरों की वजह से शुरू होता है और अंततः इसे आप अपने ऊपर निकालने लगते हैं। कुछ मामलों में मरीजों ने अपने आपको नुकसान भी पहुंचाया।

विज्ञान ने यह प्रमाणित कर दिया है- जो व्यक्ति स्वस्थ रहना चाहता है, उसे योग को अपनाना होगा। बार-बार क्रोध करना, चिड़चिड़ापन आना, नींद न आना, मूड का बिगड़ते रहना- ये सारे भाव हमारी समस्याओं से लड़ने की शक्ति को प्रतिहत करते हैं। इनसे ग्रस्त व्यक्ति बहुत जल्दी बीमार पड़ जाता है। हमें अपनी भीतरी योग्यताओं और क्षमताओं को किसी दायरे में बांधने से बचना होगा। ऐसा तब होगा, जब हम योग को अपनी जीवनशैली बनायेंगे। हमारी हजारों साल के योग की विरासत की सार्थकता निर्विवाद है। लेकिन प्रगतिशील कहे जाने वाले एक तबके का तर्क होता है कि योग को विज्ञान की कसौटी पर कसा जाए। इसी के मध्यनजर तरह-तरह के शोध एवं अनुंसधान योग को लेकर हो रहे हैं, अब आईआईटी व एम्स दिल्ली के शोध में यह बात सामने आयी है कि योग से आराम के गहरे अहसास होते हैं। दरअसल, योग निद्रा सोने और जागने के बीच एक सचेतन अवस्था है। जिसका उपयोग योगी ध्यान साधना के लिये करते रहे हैं। योग निद्रा की मानसिक सेहत के लिये उपयोगिता निर्विवाद रही है। शोध के दौरान बनाये गए दो समूहों में से नियमित योग करने वाले समूह के लोगों के मस्तिष्क के पैटर्न के तुलनात्मक अध्ययन से पता चला कि योग निद्रा हमारे मस्तिष्क को कैसे नियंत्रित करती है। योगी बताते हैं कि कुछ मिनटों की योग निद्रा कई घंटे की सामान्य नींद के मुकाबले ज्यादा आराम देने वाली होती है। व्यक्ति धीरे-धीरे योग निद्रा की अवधि बढ़ाकर बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकता है। वहीं यह हमारे ध्यान को गहरा बनाने में भी मददगार साबित हो सकती है।

अभी कुछ दिन पहले ही एक बात समाचारपत्रों में पढ़ी कि कैंसर क्यों होता है, इसके कई कारण हैं। एक कारण यह है कि जो लोग मस्तिष्क का सही उपयोग करना नहीं जानते उनके कैंसर हो सकता है। मस्तिष्क विज्ञानी तो यह भी कहते हैं कि मस्तिष्क की शक्तियों का केवल चार या पांच प्रतिशत उपयोग आदमी करता है, शेष शक्तियां सुप्त पड़ी रहती है। यह भी कहा जाता है कि कोई मस्तिष्क की शक्तियों का उपयोग सात या आठ प्रतिशत करने में समर्थ हो जाए तो वह दुनिया का सुपर जीनियस बन सकता है। इस आधार पर तो हम यही कह सकते हैं कि हम अपने मस्तिष्क का सही और पूरा उपयोग करना नहीं जानते। चाहे कर्म का क्षेत्र हो या धर्म का क्षेत्र हो, दोनों में हम पिछड़े हुए हैं। सबसे पहले हमारी जानकारी मस्तिष्क विद्या के बारे में होनी चाहिए। योग विद्या भारत की सबसे प्राचीन विद्या है। योगविद्या के आचार्यों ने मस्तिष्क विद्या से दुनिया का परिचय कराया था।

बहुत सारी शारीरिक एवं मानसिक समस्याएं अज्ञान के कारण पैदा होती हैं। शरीर और उसके विभिन्न अवयवों के बारे में जानकारी के अभाव में आदमी के सामने अनेक शारीरिक कठिनाइयां खड़ी हो जाती हैं। हमारे मस्तिष्क में एक पर्त है एनीमल ब्रेन की। वह पर्त सक्रिय होती है तो आदमी का व्यवहार पशुवत हो जाता है। जितने भी हिंसक और नकारात्मक भाव हैं, वे इसी एनीमल ब्रेन की सक्रियता का परिणाम है।

दृष्टि कोण

# असहाय भाव से मुक्त कीजिए युवाओं को

अपने हालिया अमेरिकी दौरे के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका में बसे भारतीयों को पिछले एक दशक में हुए भारत के विकास का विवरण दे रहे थे। उन्होंने आंकड़े देकर बताया कि इस दौरान भारत में कितने आईआईटी और कितने आईआईएम खोले गए। उनका यह भाषण देश के टीवी चैनलों पर शायद लाइव दिखाया जा रहा था। मुम्बई की लोकल गाड़ी में मेरे साथ बैठे कुछ युवा मोबाइल पर यह सब देख रहे थे। तभी उनमें से एक बोल पड़ा, 'इनको पता ही नहीं है कि देश के कितने नौजवान बेकार बैठे हैं...' वह आगे कुछ और भी कह रहा था, पर मेरा ध्यान इसी वाक्यांश पर अटक गया कि 'इनको पता ही नहीं है।' इनको यानी उन सबको जिनके कंधों पर यह जानने का बोझ है कि उनकी नीतियों से देश का नौजवान कितना लाभान्वित हो रहा है। उस दिन एक खबर आई थी टी.वी. पर। खबर हरियाणा के बारे में थी, जहां आजकल दिन-रात हमारे नेतागण अपनी तारीफों और दूसरों की बुराइयों में लगे हुए हैं। खबर में बताया गया था कि सफाई कर्मचारी के पद पाने के लिए तीन लाख 95 हजार युवाओं ने आवेदन किया है। खबर में यह भी बताया गया था कि इनमें से चालीस हजार तो स्नातक पदवीधारी हैं और लगभग सवा लाख बारहवीं पास हैं! कोई भी काम छोटा नहीं होता, लेकिन इस खबर से यह तो पता चल ही रहा है कि हमारी शिक्षा व्यवस्था का नागरिकों के जीवन-यापन से कितना और कैसा रिश्ता है। सफाई का काम कर पाने के लिए किसी को कितनी पढ़ाई करने की आवश्यकता है? किसी का स्नातक होना तो इसकी अर्हता हो ही नहीं सकती। होनी भी नहीं चाहिए। सफाई कर्मचारी की नौकरी पाने के लिए तो यह लगभग चालीस हजार युवा नहीं पढ़ रहे थे। कुछ सपने होंगे इनके भी। निश्चित रूप से जीवन की विवशताओं के समक्ष हार मानने के बाद ही इन युवाओं ने इस नौकरी के लिए आवेदन किया होगा। क्या उन्हें यह बात पता है जिन्हें पता होनी चाहिए? मुम्बई की लोकल गाड़ी में सफर करने वाले उस युवक ने अपने प्रधानमंत्री का भाषण सुनते हुए कहा था, 'इन्हें पता ही नहीं है...' सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनमी (सीएमआईई) द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, अखिल भारतीय बेरोजगारी की दर 9.2 प्रतिशत है। अपने विकसित देश होने का सपना देखने वाले देश के लिए यह आंकड़े चिंता और शर्म दोनों का विषय होने चाहिए। हमारे नेता यह बात करते नहीं थकते कि पिछले एक दशक में हमारी अर्थव्यवस्था 90 प्रतिशत बढ़ गई है और भारत के लोग नए विश्वास से भरे हुए हैं। ये दोनों बातें सही हो सकती हैं, पर इस तथ्य को नहीं भुलाया जाना चाहिए कि आज देश में रोजगार के अवसर उतने नहीं हैं जितने होने चाहिए। आईआईएम और आईआईटी संबंधी दावों के बरक्स सच्चाई यह भी है कि हमारे विश्वविद्यालयों में से एक भी ऐसा नहीं है जिसकी गणना दुनिया के श्रेष्ठ समझे जाने वाले पहले सौ विश्वविद्यालयों में की जा सकती हो! अमेरिका में अपने भाषण में प्रधानमंत्रीजी ने हमारे सदियों पुराने विख्यात नालंदा विश्वविद्यालय को फिर से साकार करने का सपना दिखाया है। कौन नहीं चाहेगा कि उनका यह सपना साकार हो? पर इस सच्चाई को भी नहीं झुठलाया जा सकता कि अमेरिका में बसे जिन भारतीयों को वे संबोधित कर रहे थे, उनमें से अधिसंख्य वहां के श्रेष्ठ समझे जाने वाले विश्वविद्यालयों में पढ़ने गए थे। यूक्रेन और बांग्लादेश जैसे छोटे देशों में भी हमारे देश के विद्यार्थी पढ़ने जा रहे हैं! बेहतर स्वास्थ्य, बेहतर शिक्षा और बेहतर जीवन-स्तर किसी भी देश के विकसित होने को सही तरीके से परिभाषित करते हैं। किसी भी अर्थव्यवस्था की सफलता और मजबूती का बुनियादी मानदंड यही है कि हर हाथ को काम, हर सिर को छत, और हर नागरिक को आगे बढ़ने का उचित और पर्याप्त अवसर मिले।

कुछ अलग

# प्रतिभाओं से छल

सुप्रीम कोर्ट की उस तल्ख टिप्पणी के निहितार्थ समझना कठिन नहीं है जिसमें अदालत ने सख्त लहजे में कहा– 'पंजाब में एनआरआई कोटे का बिजनेस बंद हो, यह धोखाधड़ी है।' शायद, कोर्ट निर्लज्ज राजनीति पर इससे ज्यादा सख्त टिप्पणी नहीं कर सकता। कोर्ट ने तो यहां तक कह दिया कि मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश में मनमानी कुछ और नहीं सिर्फ पैसा घुमाने की मशीन है। निस्संदेह, मेडिकल कॉलेजों के कर्ताधर्ताओं से मिलीभगत करके एनआरआई की व्यापक परिभाषा का उपयोग आर्थिक लाभ पाने की मंशा से किया जा रहा था। राजनीतिक जिद देखिये कि पंजाब सरकार के इस बाबत जारी अध्यादेश को पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट पहले ही रद्द कर चुका है। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट में मामले को ले जाया गया। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि यह फर्जीवाड़ा बंद होना चाहिए। एनआरआई के दूर के रिश्तेदारों को आरक्षण का लाभ देकर मेधावी छात्रों के भविष्य पर कुठाराघात किया जाता। जिसकी अनुमति किसी भी सूरत में नहीं दी जा सकी। इस कदम से एनआरआई कोटे का मूल मकसद ही समाप्त हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बैंच में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला व जस्टिस मनोज मिश्र शामिल थे। मुख्य न्यायाधीश का कहना था कि मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिये संशोधन का प्रयास प्रॉस्पेक्टस जारी होने के बाद किया गया, जो सरकार की नीयत-नीति पर सवाल पैदा करता है। अदालत का मानना था कि एनआरआई कोटे का मूल मकसद एनआरआई व उनके बच्चों को लाभ पहुंचाना था। जिससे उन्हें भारत में मेडिकल शिक्षा पाने का मौका मिल सके। सरकार की हालिया पहल नीति के मूलभूत उद्देश्य को बाधित करती है। तभी शीर्ष अदालत ने पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट के अध्यादेश पर रोक लगाने के फैसले को उचित ठहराया। निस्संदेह, यदि सरकार अपने मकसद में कामयाब हो जाती तो नीट परीक्षा में कई गुना अधिक नंबर हासिल करने वाले छात्र मेडिकल कालेजों में दाखिला पाने से वंचित हो जाते। निस्संदेह, राज्य सरकार की ऐसी कोशिशों से उन मेधावी छात्रों के साथ अन्याय होता, जो सामान्य पृष्ठभूमि से आते हैं। ये कोशिश नैसर्गिक न्याय के विरुद्ध होती। फिर यह डॉक्टरी जैसे गंभीर संवेदनशील पेशे के लिये भी घातक होता कि अयोग्य लोग मरीजों का उपचार करने के अधिकारी बन जाते। यानी हम समाज में अयोग्य डॉक्टरों को उपचार करने की अनुमति देते। जो दूसरे शब्दों में नीम-हकीम खतराये जान वाली कहावत को चरितार्थ करता। फिर जो लोग लाखों-करोड़ की फीस देकर डॉक्टरी की डिग्री हासिल करते, वे चिकित्सा पेशे में सेवा के पवित्र मकसद के बजाय मुनाफे के मेवे पर ध्यान केंद्रित करते। जो समाज में लगातार महंगे होते उपचार को बढ़ावा देने वाला ही होता। इसी तरह चिकित्सा के पेशे में आने वाले तमाम मेधावी छात्रों के साथ भी यह अन्याय होता। यह विडंबना है ही कि देश में चिकित्सा की पढ़ाई लगातार महंगी होती जा रही है। सामान्य परिवारों के लिये चिकित्सा शिक्षा हासिल करना लगातार मुश्किल होता जा रहा है। इस संकट को निजी मेडिकल कालेजों की मुनाफाखोरी ने बढ़ावा ही दिया है। जिस देश में पहले ही आबादी के मुकाबले डॉक्टरों की संख्या विश्व मानकों के अनुपात में कम है, वहां महंगी होती मेडिकल शिक्षा स्थिति को और विकट ही बनाएगी। बहुत संभव है कि एनआरआई कोटे से शिक्षा हासिल करने वाले छात्रों की प्राथमिकता देश के बजाय विदेश में प्रेक्टिस करने की होती।

देश दुनीया से

# श्रीलंका की दिशा-दशा तय करेंगे दिसानायके

राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद बने माहौल में संसद के लिये नया जनादेश पाने के लिये उन्होंने संसद को भंग कर दिया है। इस मामले में भारतीय कूटनीति को दाद देनी होगी कि श्रीलंका में राजनीतिक रुझान को महसूस करके गत फरवरी में अनुरा दिसानायके का सफल भारत दौरा आयोजित किया गया। अब ये आने वाला वक्त बताएगा कि वामपंथी रुझान वाले दिसानायके दिल्ली की दक्षिणपंथी रुझान वाली सरकार से कैसा तालमेल बनाएंगे। बहरहाल, श्रीलंका में राजनीतिक भ्रष्टाचार, आर्थिक बदहाली व परंपरागत सत्ताधीशों के प्रति अविश्वास से मुक्त कराने के वादे ने दिसानायके को ताकत दी है। दो साल पहले धराशायी अर्थव्यवस्था में प्राण फूंकने के उनके आश्वासन पर श्रीलंका की जनता ने विश्वास किया है।

श्रीलंका के हालिया राष्ट्रपति चुनाव में अनुरा दिसानायके की जीत ने राजनीतिक पंडितों को चौंकाया है। वजह यह है कि पिछले राष्ट्रपति चुनाव में उन्हें महज तीन फीसदी मत ही मिले थे। वहीं संसद में उनके गठबंधन के महज तीन सांसद थे। यही वजह है कि राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद बने माहौल में संसद के लिये नया जनादेश पाने के लिये उन्होंने संसद को भंग कर दिया है। इस मामले में भारतीय कूटनीति को दाद देनी होगी कि श्रीलंका में राजनीतिक रुझान को महसूस करके गत फरवरी में अनुरा दिसानायके का सफल भारत दौरा आयोजित किया गया। अब ये आने वाला वक्त बताएगा कि वामपंथी रुझान वाले दिसानायके दिल्ली की दक्षिणपंथी रुझान वाली सरकार से कैसा तालमेल बनाएंगे। बहरहाल, श्रीलंका में राजनीतिक भ्रष्टाचार, आर्थिक बदहाली व परंपरागत सत्ताधीशों के प्रति अविश्वास से मुक्त कराने के वादे ने दिसानायके को ताकत दी है। दो साल पहले धराशायी अर्थव्यवस्था में प्राण फूंकने के उनके आश्वासन पर श्रीलंका की जनता ने विश्वास किया है। दूसरे राउंड में मिले अधिक मतों से वे पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को तीसरे स्थान में धकेलने में कामयाब हो गए। निस्संदेह, दिसानायके की यह जीत चौंकाने वाली है, जिसके मूल में भ्रष्टाचार के खिलाफ मुखरता और गरीबों को राहत देने के उनके एजेंडे को सार्थक प्रतिसाद मिला है। वे जनता में भरोसा जगाने में कामयाब हुए कि अब भी देश को मंदी व आर्थिक बदहाली के भंवर से निकाला जा सकता है। कभी भारत के मुखर विरोधी रहे राजनीतिक दल जनता विमुक्ति पेरामुना यानी जेवीपी से जुड़े रहे दिसानायके अब सरकार के खिलाफ चले हिंसक खूनी आंदोलन को गलत मानते हैं। केंद्रीय श्रीलंका के गालेवेला में 24 नवंबर, 1968 में जन्मे दिसानायके ने उस दौर में छात्र राजनीति में सक्रियता बढ़ाई जब रक्तपात से गुजरते श्रीलंका में वर्ष 1987 के दौरान भारत-श्रीलंका समझौता हुआ था। मध्य वर्गीय परिवार में जन्मे दिसानायके की शिक्षा सरकारी स्कूल में हुई। उन्होंने भौतिक विज्ञान में डिग्री हासिल की थी। तब युवाओं में पनपे देशव्यापी आक्रोश के बीच जेवीपी हिंसक अभियानों के लिये जाना जाता था। इस संघर्ष में हजारों लोग मारे गये थे। कालांतर में वर्ष 1997 में वे जेवीपी की केंद्रीय कमेटी के लिये चुने गए थे। वैसे हाल में उन्होंने उस दौर में रक्तपात के लिये माफी भी मांगी है। उन्होंने स्वीकारा कि यह हिंसक संघर्ष नहीं होना चाहिए था। वहीं उन्होंने वर्ष 2019 के सिलसिलेवार धमाकों की जांच कराने का भी वादा किया है, जिसमें तीन सौ के करीब लोग मारे गए थे। लोग गोटाबाया राजपक्षे पर जांच को बाधित करने के आरोप लगाते हैं। दरअसल, इस चुनाव में दिसानायके ने राजनेताओं के भ्रष्टाचार, आर्थिक नीतियों की विफलता, कानून अव्यवस्था के लिये तत्कालीन सत्ताधीशों को दोषी बताते हुए नई पारदर्शी शासन व्यवस्था देने का वादा किया। उन्होंने आर्थिक संकट से जनता को हुए कष्टों के लिये नेताओं को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे देश को बदहाली से मुक्त करा सकते हैं। दरअसल, कुशासन, कोरोना संकट व राजनीतिक भ्रष्टाचार से जहां देश पर अरबों डालर कर्ज चढ़ा, वहीं मुद्रास्फीति कुलांचें भरने लगी। विदेशी मुद्रा भंडार निचले स्तर पर जा पहुंचा। हालांकि, विक्रमसिंघे के प्रयासों से आईएमएफ से मिले कर्ज व भारतीय मदद से हालात में सुधार हुआ, लेकिन स्थितियां पहले जैसी नहीं हो सकीं। यह वजह है कि श्रीलंका के जनमानस ने बदलाव के लिये दिसानायके को राष्ट्रपति चुना। दिसानायके देश के जनमानस को यह भरोसा दिलाने में सफल रहे कि वे देश को राजनीतिक भ्रष्टाचार व कुशासन से मुक्ति दिला सकते हैं। उनका कहना है कि वे जनता पर लगे टैक्स कम करेंगे और नये सिरे से कल्याणकारी योजनाएं शुरू करेंगे। भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाएंगे। यही वजह है कि मतदाताओं ने आर्थिक चिंताओं के बीच दिसानायके में नई उम्मीद देखी। दरअसल, आम मतदाता कष्टदायी महंगाई से मुक्त होकर सामान्य जीवन जीने का आकांक्षी है। वैसे आईएमएफ से मिले राहत पैकेज और उसके लिये लागू सख्त आर्थिक अनुशासन से मुक्त होना दिसानायके के लिये आसान भी नहीं होगा। इसमें संतुलन बनाकर ही उन्हें जनता का विश्वास हासिल करना होगा। उन्हें सरकार के खर्चों में कटौती संग राजस्व के नये स्रोत तलाशने होंगे। अब कयास यह लगाये जा रहे हैं कि दिसानायके के वामपंथी रुझान के बीच श्रीलंका के संबंध चीन से अधिक मजबूत होंगे या भारत से। हालांकि, गत फरवरी में भारत का दौरा करने वाले दिसानायके भारत के साथ अच्छे संबंधों की बात कर रहे हैं। कभी भारत विरोधी रहे जेवीपी के भारत के प्रति रुझान में हाल के वर्षों में बदलाव आया है।

आप का नजरीया

# दर्द बांटती दवा

यह खबर परेशान करने वाली है कि बुखार, दर्द, उच्च रक्तचाप, मधुमेह आदि से मुक्ति दिलाने का दावा करने वाली 53 दवाइयां जांच में गुणवत्ता के मानकों पर खरी नहीं उतरी हैं। देश में धड़ल्ले से इस्तेमाल होने वाली पैरासिटामोल भी इन दवाओं में शुमार है। कैसी विडंबना है कि काफी समय से सरकारों की नाक के नीचे ये दवाइयां धड़ल्ले से बिकती रही हैं। केंद्रीय औषधि नियामक ने गुणवत्ता के मानकों पर खरा न उतरने वाली दवाओं की सूची जारी की है। आम लोगों के मन में सवाल बाकी है कि यदि ये दवाएं मानकों पर खरी नहीं उतरती तो इनके नकारात्मक प्रभाव किस हद तक हमारी सेहत को प्रभावित करते हैं। यह भी कि जो लोग घटिया दवाइयां बेच रहे थे क्या उनके खिलाफ कोई कार्रवाई की पहल भी हुई है? फिलहाल इस बाबत कोई जानकारी आधिकारिक रूप से सामने नहीं आई है। निस्संदेह, यह शर्मनाक है और तंत्र की विफलता को उजागर करता है कि शारीरिक कष्टों से मुक्त होने के लिये लोग जो दवाएं खरीदते हैं, वे घटिया हैं? बहुत संभव है ऐसी घटिया दवाओं के नकारात्मक प्रभाव भी सामने आते होंगे। इस बाबत गंभीर शोध-अनुसंधान की जरूरत है। विडंबना देखिए कि ताकतवर और धनाढ्य वर्ग द्वारा संचालित इन दवा कंपनियों पर राज्य सरकारें भी जल्दी हाथ डालने से गुरेज करती हैं। जिसकी कीमत आम लोगों को ही चुकानी पड़ती है। विडंबना देखिए कि लोगों द्वारा आमतौर पर ली जाने वाली पैरासिटामोल भी जांच में फेल पायी गई। आम धारणा रही है कि गाहे-बगाहे होने वाले बुखार-दर्द आदि में इस दवा का लेना फायदेमंद होता है। निश्चय ही केंद्रीय औषधि नियामक की गुणवत्तारहित दवाओं की सूची में इसके शामिल होने से लोगों के इस विश्वास को ठेस पहुंचेगी। दुर्भाग्यपूर्ण है कि मानवीय मूल्यों में इस हद तक गिरावट आई है कि लोग अपने मुनाफे के लिये दुखी मरीजों के जीवन से खिलवाड़ करने से भी नहीं चूक रहे हैं। व्यथित करने वाली बात है कि सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन यानी सीडीएससीओ ने हालिया मासिक रिपोर्ट में जिन गुणवत्ता रहित दवाओं का उल्लेख किया है, उनमें कई दवाओं की क्वालिटी खराब है तो वहीं दूसरी ओर बहुत सी दवाएं नकली भी बिक रही हैं। जिन्हें बड़ी कंपनियों के नाम से बेचा जा रहा है। इससे उन मरीजों की सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ जाएंगी जो इन दवाओं का इस्तेमाल कर रहे थे। दुर्भाग्य से इस सूची में हाइपरटेंशन, डाइबिटीज, कैल्शियम सप्लीमेंट्स, विटामिन-डी3 सप्लीमेंट्स, विटामिन बी कॉम्प्लेक्स, विटामिन-सी, एंटी-एसिड, एंटी फंगल, सांस की बीमारी रोकने वाली दवाएं भी शामिल हैं। इसमें दौरे व एंगजाइटी का उपचार करने वाली दवाएं भी शामिल हैं। ये दवाएं बड़ी कंपनियों द्वारा भी उत्पादित हैं। बताते हैं कि फेल होने वाली दवाओं में पेट में इंफेक्शन रोकने वाली एक चर्चित दवा भी शामिल है। यद्यपि सीडीएससीओ ने 53 दवाओं की गुणवत्ता की जांच की थी, लेकिन 48 दवाओं की सूची ही अंतिम रूप से जारी की गई। वजह यह बतायी जा रही है कि सूची में शामिल पांच दवाइयां बनाने वाली कंपनियों के दावे के मुताबिक, ये दवाइयों उनकी कंपनी की नहीं हैं वरन बाजार में उनके उत्पाद के नाम से नकली दवाइयां बेची जा रही हैं।

# धारा 370 हटने के बाद बढ़ा है पर्यटन, देर रात भी सड़क पर घूमते हैं पर्यटक : गजेंद्र शेखावत

**रोहतक ( हिंस )।** केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन में काफी इजाफा हुआ है वही जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने के बाद प्रदेश में लोग बेखौफ होकर रात में भी घूमते हैं वहीं घरेलू पर्यटन में भी काफी बढ़ोतरी हुई है। रविवार को केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भाजपा के मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा है की प्रदेश में अब बापु बेटे की पार नहीं चली है इसलिए राहुल गांधी पैदल यात्रा के लिए आएंगे और प्रियंका गांधी लोगों को दर्शन देने के लिए पहुंचेंगी। राहुल और प्रियंका के लिए यह यात्राएं राजनीतिक यात्राएं नहीं होती है बल्कि यह लोग हरियाणा में राजनीतिक पर्यटन यात्रा करने के लिए आते हैं उन्होंने मायावती द्वारा किए गए ट्वीट पर बोलते हुए कहा की हरियाणा के अंदर जितना कम दलित और वंचितों के लिए किया गया है उनके लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं बनाई गई है इस तरह की योजनाएं भाजपा सरकार ने ही दलित और



वंचित समाज को दी हैं जिससे इस समाज के लोगों को काफी लाभ मिला है। उन्होंने केजरीवाल पर पलटवार करते हुए कहा कि केजरीवाल के भरम का गुब्बारा अब फूट चुका है लोग उनकी कथनी और करनी की बात समझ चुके हैं यही कारण है की आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों की हरियाणा में जमानत भी नहीं बच पाएगी क्योंकि उनके तमाम नेता भ्रष्टाचार के आरोपों में या तो जेल में है या बेल पर हैं। उन्होंने हरियाणा के मतदाताओं को आग्रह किया है कि वह भूपेंद्र हुड्डा राज के कार्यकाल को याद करें कि किस तरह से पंचकूला से लेकर मानेसर तक जमीन के घोटाले हुए और सरकारी नौकरियों में पर्ची और खर्ची से लेकर भाई भतीजावाद के चलते बंदर बांट हुई है । मतदाता मत का प्रयोग करते समय इन बातों का जरूर ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी किसी सर्वे में विश्वास न करके अपने कार्यकर्ताओं के विश्वास और दम पर कार्य करती है।

## लेपर्ड ने महिला को मारा तेंदुए के हमले से अब तक छह की हो चुकी मौत

**उदयपुर ( हिंस )।** गोगुंदा में लेपर्ड ने महिला को मार डाला। घर से 300 मीटर दूर पहाड़ी पर शव मिला। अब तक लेपर्ड के हमले से छह की मौत हो चुकी है। वहीं वन विभाग की टीम ने तीन लेपर्ड को पकड़ा है। जानकारी के मुताबिक गुर्जरों का गुड़ा निवासी गटू बाई (55) पत्नी मोती लाल गुर्जर शनिवार को मवेशियों के लिए चारा लेने गई थी। देर शाम तक नहीं लौटी तो पति को चिंता हुई। पति मोती लाल गुर्जर और ग्रामीण उसकी तलाश में जंगल की ओर गए। पहाड़ी पर महिला का शव मिला। सूचना पर पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के बंद पड़े स्कूल में अक्सर लेपर्ड की आवाजाही रहती है। हालांकि लेपर्ड की ओर से पहले किसी पर भी हमला करने की शिकायत नहीं मिली थी। स्कूल से करीब एक किलोमीटर आगे जंगल में मोती लाल गुर्जर का मकान है। पति-पत्नी अकेले वहां पर रह रहे थे।

## कांग्रेस का क्षेत्रवाद और गुंडाराज भाजपा ने खत्म किया : निरहुआ



**सोनीपत ( हिंस )।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद दिनेश लाल यादव (निरहुआ) ने राई विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी कृष्णा गहलावत के समर्थन में एक जनसभा रविवार को कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने क्षेत्रवाद, भाई-भतीजावाद और गुंडाराज को बढ़ावा दिया, जिसे भाजपा ने खत्म कर सुशासन स्थापित किया। यादव ने कहा कि भाजपा ने सत्ता में आने के बाद हरियाणा में विकास और सुशासन को प्राथमिकता दी है और इस बार फिर भाजपा को जीताकर जनता को इस यात्रा को जारी रखना होगा। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी कृष्णा गहलावत को रिकॉर्ड मतों से जीत दिलाने की अपील की और कहा कि राई की जनता भाजपा के साथ खड़ी है। कृष्णा गहलावत ने जनसभाओं के दौरान लोगों से भाजपा को समर्थन देने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा ने हरियाणा में विकास की नई इबारत लिखी है, और राई को भी इसका विशेष लाभ मिला है। जनसभाओं के दौरान गहलावत को भारी जनसमर्थन मिला।

## पंजाब के सीएम भगवंत मान को अस्पताल से मिली छुट्टी

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के मोहाली में स्थित फोर्टिस हार्ट अस्पताल में उपचाराधीन सूबे के मुख्यमंत्री भगवंत मान को रविवार दोपहर बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। डाक्टरों ने उन्हें अगले दो दिनों तक घर में आराम करने की सलाह दी है। इसके बावजूद मान ने अस्पताल से आते ही अपने आवास पर बैठक बुला ली। भगवंत मान के अस्पताल जाने के बाद से ही पंजाब में मुख्यमंत्री बदले जाने की अफवाह जोरों पर है। भगवंत मान पहले 13 सितंबर को उस समय दिल्ली गए थे, जब पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से दिल्ली शराब पॉलिसी मामले में जमानत मिली थी। इसके बाद जब वह 17 सितंबर को चंडीगढ़ वापस आए थे, तो उनकी एयरपोर्ट पर तबीयत बिगड़ी थी। उस समय उन्हें दिल्ली ले जाया गया था। इसके बाद 19 सितंबर से लगातार सक्रिय थे। इस दौरान उन्होंने कई मीटिंग में हिस्सा लिया। लुधियाना में रैलियां भी कीं। साथ ही मंत्रिमंडल में फेरबदल तक हुआ। दोबारा उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद बीती 26 सितंबर की रात उन्हें मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल द्वारा जारी मीडिया बुलेटिन में बताया गया कि पल्मोनरी ऑर्टरी में बढ़ते ब्लड प्रेशर की समस्या अब ठीक है। सीएम की ब्लड टेस्ट रिपोर्ट में लेप्टोस्पायरोसिस पाए जाने के बाद उन्हें एंट्री बायोटिक्स पर रखा गया था। करीब तीन दिन के उपचार के बाद रविवार को दोपहर बाद भगवंत मान को अस्पताल से छुट्टी मिल गई। इससे पहले आप नेता एवं राज्य सभा सांसद संदीप पाठक, पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवा तथा कई कैबिनेट मंत्री मुख्यमंत्री से मिलने आज सुबह अस्पताल पहुंचे।

## मायावती ने कांग्रेस को बताया आरक्षण विरोधी

**लखनऊ ( हिंस )।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कांग्रेस को आरक्षण विरोधी बताते हुए हरियाणा विधानसभा उपचुनाव में दलित समाज के लोगों से भाजपा-कांग्रेस को वोट न देने की अपील की है। मायावती ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा कि हरियाणा में हो रहे उपुचनाव के दौरान कांग्रेस लगातार दलितों की उपेक्षा व तिरस्कार कर रही है। इससे ये साबित होता है कि पार्टी में अभी सब कुछ ठीक नहीं है। ऐसे में दलित समाज के लोग कांग्रेस व भाजपा आदि को अपना वोट देकर इसे खराब न करें। मायावती ने कहा कि हमेशा आरक्षण विरोधी रही कांग्रेस के नेता अब आरक्षण को समय आने पर खत्म करने की बात करते हैं।

## प्रतिस्पर्धात्मक दौर में फोटोग्राफरों का संगठित रहना आवश्यक : पारीक

**भीलवाड़ा ( हिंस )।** शाहपुरा फोटोग्राफी एसोसिएशन के निर्वाचन का आयोजन सर्वसम्मति से वरिष्ठ फोटोग्राफर राम प्रसाद पारीक की अध्यक्षता में हुआ। चुनाव में शाहपुरा फोटोग्राफी एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें विशाल वैष्णव को अध्यक्ष और कमलेश मुंडेतिया को सचिव के रूप में सर्वसम्मति से चुना गया। कोषाध्यक्ष के पद पर नीरज सैनी को भी निर्विरोध निर्वाचित किया गया। यह निर्वाचन फोटो विडियो वेलफेयर सोसाइटी भीलवाड़ा के निर्देशन में आयोजित किया गया, जहां शाहपुरा तहसील के प्रमुख फोटोग्राफरों ने मिलकर सर्वसम्मति से चुनाव प्रक्रिया संपन्न की। चुनाव संरक्षक के रूप में वरिष्ठ फोटोग्राफर राम प्रसाद पारीक ने नेतृत्व किया। बैठक में सभी पदों के लिए सर्वसम्मति से नामांकन प्रस्तुत किए गए, और इसके बाद कार्यकारिणी के सदस्यों का चयन बिना किसी प्रतिस्पर्धा के किया गया। चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए विशाल वैष्णव को, कोषाध्यक्ष पद के लिए नीरज सैनी को, और सचिव पद के लिए कमलेश मुंडेतिया को निर्विरोध रूप से चुना गया। इस निर्वाचन में शाहपुरा के सभी प्रमुख फोटोग्राफरों ने संगठन की एकता और शक्ति को प्रदर्शित किया गया। निर्वाचन के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष विशाल वैष्णव, सचिव कमलेश मुंडेतिया और कोषाध्यक्ष नीरज सैनी का फोटोग्राफी एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष विजय टेलर और संरक्षक राम प्रसाद पारीक ने कार्यकारिणी के नए सदस्यों का स्वागत किया और उन्हें संगठन की परंपराओं और मर्यादाओं को बनाए रखने की शुभकामनाएं दीं। अध्यक्ष पद का कार्यभार संभालने के बाद विशाल वैष्णव ने कहा, मैं इस सम्मान के लिए सभी साथियों का आभारी हूं और एसोसिएशन की उन्नति और फोटोग्राफी कला के विकास के लिए अपने पूर्ण समर्पण का वादा करता हूं। हमारी प्राथमिकता फोटोग्राफर्स के हितों को संरक्षित करना, उन्हें प्रोत्साहित करना और फोटोग्राफी को एक व्यवसायिक कला के रूप में और अधिक पहचान दिलाना है।

## डेयरी एमडी पर हमला, चेयरमैन पर लगाए आरोप, चार के खिलाफ नामजद मामला दर्ज

**चित्तौड़गढ़ ( हिंस )।** चित्तौड़गढ़-प्रतापगढ़ दुग्ध उत्पादक संघ (चित्तौड़ डेयरी) के एमडी पर शनिवार शाम को बैठक के बाद चार-पांच जनों ने हमला कर दिया। एमडी राशमी तहसील के मरमी में सचिव व दुग्ध उत्पादक किसानों की बैठक लेने गए थे। इस संबंध में डेयरी के एमडी राशमी थाने पहुंचे और रिपोर्ट दी है। पुलिस ने राजकार्य में बाधा पहुंचाने सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया। हमला करने वाले चारों नामजद आरोपित डेयरी चेयरमैन के समर्थक बताए गए हैं। वहीं डेयरी के एमडी ने चेयरमैन पर हमला करवाने का आरोप लगाया है। इधर, जानकारी मिली है कि डेयरी चेयरमैन बद्री जगपुरा भी बैठक में मौजूद थे। वे अपना संबोधन देने के बाद व घटना होने से पहले ही निकल गए थे। जानकारी में सामने आया कि चित्तौड़ डेयरी के एमडी सुरेश सेन शनिवार शाम को मरमी जोन की बैठक बैठक लेने पहुंचे थे। बैठक में डेयरी एमडी सुरेश सेन, चेयरमैन बद्री जगपुरा सहित कई दुग्धदाता मौजूद थे। चेयरमैन ने संबोधन के बाद चले है। वहीं थोड़ी देर बाद बैठक में हंगामा हो गया। डेयरी के एमडी पर चार जनों ने हमला किया। इस दौरान उनका शर्ट भी फट गया। मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने इनका बचाव किया। साथ ही हमला करने वालों की भी धुनाई कर दी। हंगामें के बीच हमला करने वाले चारों यहां से भाग कर कुछ ही दूरी पर स्थित एक ब्लेक कलर की स्कार्पियो में जाकर बैठ गए, जो पहले से ही स्टार्ट खड़ी थी। चालक स्कार्पियो को भगा कर ले गया। बैठक स्थल पर हंगामे की स्थिति हो गई। बाद में डेयरी एमडी सुरेश सेन राशमी थाने पहुंचे और प्रकरण दर्ज करवाया। रिपोर्ट में बताया कि मरमीमाता के मंदिर की सराय में सरस डेयरी से संबंधित समितियों की जोन की जोनल मीटिंग रखी गई थी। इसमें राशमी जोन की करीब 40 समितियों के सचिव व सरस डेयरी डायरेक्टर शामिल हुए थे। इसमें प्रार्थी व डेयरी अध्यक्ष बद्रीलाल जगपुरा का भी उदबोदन हुआ था। इसके बाद डेयरी अध्यक्ष चले गए थे। उसके बाद करीबन 4.15 बजे रवि जयसवाल निवासी इन्दौरा एवं उनके साथ अन्य 2 लड़के बद्रीलाल जाट निवासी जगपुरा की स्कॉपियो गाड़ी आरजे 09 युए 4007 गाड़ी लेकर आए। इनके आते ही प्रकाशचन्द्र जाट निवासी मेवदा, वीपीसिंह राजपूत निवासी नरधारी, रतन जाट पुत्र रामलाल जाट निवासी रूद, रवि जयसवाल निवासी इन्दौरा एवं साथ आये 2 लड़को ने जोनल मिटिंग के दौरान हुड़दंग मचा दिया।

## उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने विद्याधर नगर में कार्यकर्ताओं के बीच सुना *मन की बात* कार्यक्रम



**जयपुर ( हिंस )।** उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने आज विद्याधर नगर विधानसभा में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और जन प्रतिनिधियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के *मन की बात* कार्यक्रम को सुना। विद्याधर नगर के सेक्टर दो में आयोजित इस कार्यक्रम में दीया कुमारी ने कहा कि आगामी तीन अक्तूबर को *मन की बात* कार्यक्रम के 10 वर्ष पूरे होने वाले हैं जो सभी कार्यकर्ताओं के लिए एक गर्व का विषय है। उन्होंने मन की बात कार्यक्रम की इस लंबी यात्रा में भाग लेने के लिए देशवासियों को शुभकामनाएं दी। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री के विचारों ने समाज सेवा, जनहित और देश के विकास के लिए नई ऊर्जा और मार्गदर्शन प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम ने हम सभी को राष्ट्र निर्माण की जिम्मेदारियों की याद दिलाई और समाज के उत्थान के लिए एकजुट होकर कार्य करने की प्रेरणा दी है।

## गुरुद्वारा साहिब के सरोवर में डूबने से दंपति की मौत

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के जिला गुरदासपुर के कस्बा कादियां में स्थित गुरुद्वारा श्री मक्का साहिब के सरोवर में स्नान करने के लिए आए एक दंपति की सरोवर में डूबने से मौत हो गई। गांव कंडीला के रहने वाले बलवंत सिंह (50) और उसकी पत्नी रजवंत कौर (45) हर रविवार को गांव लीकलां गुरुद्वारा मक्का साहिब में माथा टेकने आते थे। बलवंत सिंह जब स्नान करने के लिए सरोवर में उतरा तो उसका पैर फिसलने से वह सरोवर में डूबने लगा तो उसकी पत्नी राजवंत कौर ने उसको बचाने की कोशिश की लेकिन दोनों ही पानी में डूब गए, जिससे दोनों की मौत हो गई। दोनों के सरोवर डूबने की सूचना गुरुद्वारा साहिब के सेवादार ने ग्रामीणों को दी।

## सोशल मीडिया पर धर्म विशेष पर अमर्यादित पोस्ट करने वाला गिरफ्तार



**अररिया ( हिंस )।** फारबिसगंज थाना पुलिस ने इंस्टाग्राम पर धर्म विशेष को लेकर किए गए एक आपत्तिजनक और अमर्यादित टिप्पणी करने वाले युवक अभिषेक सिंह राजपूत को गिरफ्तार किया है। इस बात की जानकारी फारबिसगंज थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह ने दी। मामले में पुलिस ने फारबिसगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार युवक को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। आरोपी अभिषेक सिंह राजपूत पिता बबलू सिंह की गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के मझुआ स्थित उनके घर से की गई। मामले को लेकर फारबिसगंज थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि 28 सितंबर को सोशल मीडिया खासकर इंस्टाग्राम पर एक धर्म विशेष को लेकर अमर्यादित पोस्ट किया गया था। पोस्ट से दूसरे धर्म के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंच रही थी। मामले के संज्ञान में आने के बाद पोस्ट करने वाले की पहचान पहले की गई। पहचाना के बाद आरोपी युवक अभिषेक सिंह राजपूत को गिरफ्तार किया गया। साथ ही जिस मोबाइल से अमर्यादित पोस्ट डाला गया था, उस मोबाइल को जब्त किया गया। मामला दर्ज कर रविवार को युवक को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

## अभिलेखागार से जमीन से संबंधित दस्तावेज की हुई चोरी

**भागलपुर ( हिंस )।** जिले के निबंधन कार्यालय के समीप अभिलेखागार से जमीन के कई महत्वपूर्ण दस्तावेज की चोरी हुई है। चोरों ने वेंटीलेटर में लगी ईटों को तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। मामले में संयुक्त अवर निबंधक ने जोगसर थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिककी दर्ज कराई है। उल्लेखनीय है कि महत्वपूर्ण दस्तावेज की सुरक्षा को लेकर अभिलेखागार में तीन होम गार्ड जवान की हमेशा तैनाती रहती है। इसके बावजूद भी चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। गायब दस्तावेज कई साल पुराना था। भूमि सर्वे के काम पर भी इसका असर पड़ सकता है। इस पूरे मामले पर भागलपुर सिटी एसपी डॉक्टर के रामदास ने बताया कि जिला अवर निबंधन कार्यालय के द्वारा पुलिस को सीसीटीवी फुटेज मुहैया करा दिया गया है।

## परिसर संस्कृति को समझने का सशक्त मंच है छात्र संसद : डॉ. प्रदीप राव

**गोरखपुर ( हिंस )।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने कहा कि छात्र संसद व्यक्तिगत विकास, नेतृत्व क्षमता संवर्धन, लोकतांत्रिक मूल्यों को समझने और दायित्व बोध का सशक्त मंच है। छात्र पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे विश्वविद्यालय में मानकीकृत परिसर संस्कृति के अनुरूप विश्वविद्यालय को अनुशासन, शैक्षिक गतिविधियों का केंद्र बनाने में अपनी और सभी छात्रों की सम्यक भागीदारी सुनिश्चित करें। डॉ. राव रविवार को नवनिर्वाचित छात्र संसद के शपथ ग्रहण समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में छात्र संसद की परिकल्पना पर विस्तार से जानकारी दी। कहा कि विश्वविद्यालय संचालन में यह छात्रों की सीधी भागीदारी सुनिश्चित करने का अभिनव प्रयास है। उन्होंने छात्र पदाधिकारियों और छात्रों को विश्वविद्यालय की कार्य पद्धति को समझने और तदनुरूप शैक्षणिक वातावरण, अनुशासन, परिसर संस्कृति, लोकतान्त्रिक मूल्यों और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को समझने के मंत्र दिए। इस अवसर पर महायोगी




गोरखनाथ विश्वविद्यालय के वर्तमान सत्र में छात्र संसद के नवनिर्वाचित समस्त पदाधिकारियों, कक्षा प्रतिनिधियों व छात्रावास प्रतिनिधियों का शपथ-ग्रहण मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विमल कुमार दुबे द्वारा संपन्न कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि संकाय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मां सरस्वती की आराधना से हुआ। शपथ ग्रहण समारोह में आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मंजूनाथ एनएस, अधिष्ठाता संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय डॉ. सुनील कुमार, विभागाध्यक्ष बीबीए डॉ. तरुण श्याम, छात्र संसद के समस्त पदाधिकारी, कक्षा प्रतिनिधि व छात्रावास प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## चूहों के कारण दो दिन बंद रहेगा जयपुर का रामनिवास बाग और अल्बर्ट हॉल

**जयपुर ( हिंस )।** जयपुर का रामनिवास बाग और अल्बर्ट हॉल चूहों के कारण दो दिन 30 सितंबर और एक अक्तूबर को बंद रहेगा। दरअसल, यहां चूहों की संख्या बढ़ती जा रही है। इनकी वजह से रामनिवास बाग का हर कोना खोखला होता जा रहा है। इस समस्या से निपटने के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) विशेष अभियान चलाने वाला है। पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के निदेशक पंकज धीरेन्द्र ने बताया कि विभाग को जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से पत्र लिख सूचित किया गया है कि चूहे नियंत्रण के लिए रामनिवास बाग को 30 सितंबर से एक अक्तूबर तक बंद रखा जाएगा। दो दिन तक रामनिवास बाग पर्यटकों के लिए बंद रहेगा, इसलिए पर्यटक अल्बर्ट हॉल नहीं जा सकेंगे। रामनिवास बाग क्षेत्र में बड़ी संख्या में चूहों की मौजूदगी पर्यटकों के साथ आम जनता को परेशान कर रही है। इसलिए कीटनाशक की मदद से चूहों को खत्म कर उनके बिल को भरा जाएगा। जेडीए अधिकारियों के अनुसार पक्षियों को दाना डालने और ठेलों की वजह



से रामनिवास बाग में चूहे हो गए हैं, जो बहुत नुकसान पहुंचा रहे हैं। आने वाले दिनों में राइजिंग राजस्थान के कई कार्यक्रम भी अल्बर्ट हॉल पर होने हैं, इसलिए एक्शन लिया जा रहा है। वहीं, दूसरी तरफ शनिवार को पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग में उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें दीया कुमारी ने कहा कि विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर अल्बर्ट हॉल पर आयोजित भव्य और सफल सांस्कृतिक संध्या की तर्ज पर प्रत्येक पखवाड़े (हर 15 दिन) में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन किए जाने चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को इसकी रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान के कलाकारों को ऐसे कार्यक्रमों के आयोजनों से प्रोत्साहन और रोजगार मिलेगा। उक्त अनुसार नियमित रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का बड़े स्तर पर आयोजन किए जाने से कला एवं संस्कृति का संरक्षण भी होगा। उन्होंने इसके लिए विस्तृत खाका तैयार किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे राजस्थान के पारंपरिक कलाकारों और यहां की कला एवं संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। दीया कुमारी ने कहा कि राजस्थान के पर्यटन, कला एवं संस्कृति के साथ ही हमें राजस्थान के जायके को भी आगे बढ़ाने का काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसे बढ़ावा देने के लिए देश के अन्य शहरों और अन्य देशों के शहरों में भी इस प्रकार के आयोजन किए जाने चाहिए।

## बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत सामग्री वितरित

**भागलपुर ( हिंस )।** सामाजिक सांस्कृतिक संस्था जनप्रिय भागलपुर के सदस्यों ने दिलदारपुर के बाढ़ पीड़ितों के आश्रय स्थल रविंद्र भवन और विश्वविद्यालय बाल निकेतन में रविवार को जाकर महिलाओं बच्चों और पुरुषों के बीच वस्त्र वितरण किया। साथ ही जरूरतमंद को साबुन, सर्फ और तेल का एक कीट भी वितरण किया गया। संस्था के निदेशक गौतम कुमार ने बताया कि गंगा का जलस्तर बढ़ने और भारी बारिश की वजह से गंगा किनारे रहने वाले लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लाखों लोग बेघर होकर जहां तहां रहने को मजबूर है। सरकारी सुविधाओं के बावजूद कई बाढ़ पीड़ित परिवार मूलभूत सुविधाओं से लोग मरहूम है। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एनुल होदा ने कहा कि जनप्रिय के सदस्य लगातार बाढ़ पीड़ितों के मदद में लगा हुआ है।



आपदा के समय पीड़ितों के साथ खड़ा होना ही सच्चा धर्म है। जनप्रिय महिला स्वावलंबन समिति की संयोजक रेखा कुमारी ने कहा प्राकृतिक आपदा का दंश सबसे ज्यादा महिला और बच्चों को झेलना पड़ता हैं। उन्हें कई तरह के कठनाइयों का सामना करना होता है। जनप्रिय कला सांस्कृतिक मंच के संयोजक इकराम हुसैन शाद ने कहा हमारी संस्था बाढ़ पीड़ितों की मदद में लगी हुई हैं। जनप्रिय के साथी बाढ़ पीड़ितों के शिविरों आदि जगहों पर जाकर उनकी तकलीफों को कम करने और उनका हौसला अफजाई करने का प्रयास लगातार कर रहा है।




# अक्टूबर–नवंबर में 6 से अधिक कंपनियां आईपीओ से जुटाएगी 60,000 करोड़

**नई दिल्ली।**
**अक्टूबर- नवंबर माह में हुंदै मोटर इंडिया, स्विगी और एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी सहित 6 से अधिक कंपनियां लगभग 60,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की योजना बना रही हैं।**

मर्चेंट बैंकिंग सूत्रों ने यह जानकारी दी। इन तीन कंपनियों के अलावा एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, वारी एनर्जीज, निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस, वन मोबिक्विक सिस्टम्स और गरुड़ कंस्ट्रक्शन उन कंपनियों में हैं, जो अक्टूबर–नवंबर के दौरान आईपीओ लाने पर विचार कर रही हैं।

ये कंपनियां मिलकर आईपीओ से 60,000 करोड़ रुपये तक जुटा सकती हैं। इक्विरास के एक वरिष्ठ अधिकारी को उम्मीद है कि सितंबर के अंत से दिसंबर के बीच 30 से अधिक आईपीओ आएंगे। ये आईपीओ विभिन्न क्षेत्रों और आकार के होंगे। इनमें नए शेयर जारी किए जाएंगे और बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी शामिल होगी।

दक्षिण कोरिया की हुंदै मोटर कंपनी की भारतीय अनुषंगी हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड आईपीओ से 25,000 करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी में है। यह देश का अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ होगा। यह भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के 21,000 करोड़ रुपये के आईपीओ के आंकड़े को पार कर सकता है। स्विगी नए शेयरों की बिक्री और ओएफएस के जरिये 10,414 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य बना रही है।

इसके अलावा सार्वजनिक क्षेत्र की एनटीपीसी की नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी नवंबर के पहले सप्ताह में अपना 10,000 करोड़ रुपये का आईपीओ लाने की योजना बना रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### पिछले वित्त वर्ष जीसीएमएमएफ का कारोबार बढ़कर 59,445 करोड़ हुआ




**नई दिल्ली ।** अमूल ब्रांड के तहत डेयरी उत्पाद बेचने वाली गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ लिमिटेड (जीसीएमएमएफ) ने कहा कि बेहतर बिक्री के चलते बीते वित्त वर्ष 2023-24 में उसका कारोबार आठ प्रतिशत बढ़कर 59,445 करोड़ रुपये हो गया है। सहकारी समिति ने अपनी 50वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के बाद एक बयान में कहा कि जीसीएमएमएफ के स्वर्ण जयंती वर्ष में संगठन ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आठ प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ 59,545 करोड़ रुपये (सात अरब डॉलर) का कारोबार किया। ब्रांड अमूल का समूह कारोबार वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 80,000 करोड़ रुपये हो गया, जो 2022-23 में 72,000 करोड़ रुपये ब्रिटेन स्थित दुनिया की अग्रणी ब्रांड परामर्श कंपनी ब्रांड फाइनेंस के अनुसार अमूल को दुनिया का सबसे मजबूत खाद्य ब्रांड और सबसे मजबूत डेयरी ब्रांड का दर्जा दिया गया है। जीसीएमएमएफ ने कहा कि यह दुनिया की सबसे बड़ी किसान-स्वामित्व वाली डेयरी सहकारी संस्था है, जिसके गुजरात के 18,600 गांवों में 36 लाख किसान जुड़े हुए हैं। इसके 18 सदस्य संघ प्रतिदिन 300 लाख लीटर दूध खरीदते हैं। जीसीएमएमएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जीसीएमएमएफ ने अपने स्वर्ण जयंती वर्ष में दुनिया में सबसे मजबूत खाद्य ब्रांड के रूप में उभरने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है ।

### नवरात्र से पहले 2 से 3 रुपए सस्ता हो सकता है पेट्रोल-डीजल, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आखिरी बार दो रुपये प्रति लीटर की कटौती की गई थी



**नई दिल्ली ।** पेट्रोल-डीजल की कीमतों में राहत मिलने के संकेत नजर आ रहे हैं। दरअसल कच्चे तेल की कीमतों में हाल के सप्ताहों में आई कमी से पेट्रोलियम कंपनियों के वाहन ईंधन पर मुनाफे में सुधार हुआ है। इससे सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को पेट्रोल तथा डीजल की कीमतों में 2 से 3 रुपये प्रति लीटर की कटौती करने की गुंजाइश मिली है। एक रेटिंग एजेंसी ने ये जानकारी दी है। भारत द्वारा आयातित कच्चे तेल की कीमत सितंबर में औसतन 74 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल थी, जो मार्च में 83-84 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल थी। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आखिरी बार दो रुपये प्रति लीटर की कटौती की गई थी। इक्रा ने एक नोट में कहा गया है कि कच्चे तेल की कीमतों में कमी के साथ हाल के सप्ताहों में भारतीय पेट्रोलियम विपणन कंपनियों (ओएमसी) के लिए मोटर वाहन ईंधन की खुदरा बिक्री पर विपणन मुनाफे में सुधार हुआ है। रेटिंग एजेंसी का अनुमान है कि यदि कच्चे तेल की कीमतें वर्तमान स्तर पर स्थिर रहीं तो खुदरा ईंधन कीमतों में कमी की गुंजाइश है। एजेंसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अनुमान लगाया जा रहा है कि 17 सितंबर तक अंतरराष्ट्रीय उत्पाद कीमतों की तुलना में ओएमसी की शुद्ध प्राप्ति पेट्रोल के लिए 15 रुपये प्रति लीटर और डीजल के लिए 12 रुपये प्रति लीटर अधिक रही। इन ईंधन के खुदरा बिक्री मूल्य (आरएसपी) मार्च, 2024 से यथावत हैं और ऐसा प्रतीत होता है कि अगर कच्चे तेल की कीमतें स्थिर रहती हैं तो उनके दो से तीन रुपये प्रति लीटर की कमी करने की गुंजाइश है।

### आरईसी ने ग्रीन बॉन्ड के जरिये 50 करोड़ डॉलर जुटाए




**नई दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की आरईसी लिमिटेड ने नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को समर्थन देने के लिए हरित बॉन्ड के जरिये 50 करोड़ डॉलर जुटाए हैं। आरईसी ने बयान में कहा कि पांच-वर्षीय बॉन्ड पर कूपन दर (ब्याज) 4.75 प्रतिशत सालाना है, जिसका भुगतान छमाही आधार पर किया जाएगा। इसकी पूर्ण होने की तिथि 27 सितंबर, 2029 है। यह 2024 में किसी भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम द्वारा जारी किया जाने वाला पहला डॉलर बॉन्ड है। यह कोष कंपनी के वैश्विक स्तर पर 10 अरब डॉलर जुटाने के वैश्विक मध्यम अवधि कार्यक्रम का हिस्सा है। आरईसी लिमिटेड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि चुनौतीपूर्ण वैश्विक वित्तीय माहौल के बीच हमारे हरित बॉन्ड की भारी मांग, हरित वित्त बाजार में भारत की मजबूत स्थिति को दर्शाती है।

# वैश्विक रुझान और कंपनियों के तिमाही नतीजे तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा

**प्रमुख शेयरों की अगुवाई में बाजार का सकारात्मक रुख जारी रहेगा**




**मुंबई ।**
वैश्विक रुझान, घरेलू मोर्चे पर वाहन बिक्री के मासिक आंकड़े और कंपनियों के तिमाही नतीजे अगले सप्ताह कम कारोबारी सत्र वाले सप्ताह के दौरान शेयर बाजार की दिशा तय करेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। बुधवार दो अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहेंगे। बाजार के जानकारों ने कहा कि आगे विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के प्रवाह की निगरानी करना रोचक रहेगा। इस साल सितंबर में भारतीय शेयर बाजार में सबसे ज्यादा एफआईआई प्रवाह देखने को मिला है। जिंस कीमतों में उतार-चढ़ाव, अमेरिका के डॉलर सूचकांक और वहां के वृहद आर्थिक आंकड़ों से भी बाजार को दिशा मिलेगी। इसके साथ ही भू-राजनीतिक घटनाक्रम वैश्विक स्तर पर एक महत्वपूर्ण कारक बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि घरेलू मोर्चे पर वाहन बिक्री के मासिक आंकड़े और कंपनियों के तिमाही नतीजों से आने वाले समय में शेयर विशेष गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। सप्ताह के दौरान विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के लिए खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) का आंकड़ा बाजार की धारणा को प्रभावित करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि हमें उम्मीद है कि प्रमुख शेयरों की अगुवाई में बाजार का सकारात्मक रुख जारी रहेगा। आगे चलकर घरेलू संकेतकों के अभाव में वैश्विक कारक बाजार को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। एक अक्टूबर को जारी होने वाले वाहन बिक्री के आंकड़ों पर सभी की निगाह रहेगी। इसके अलावा एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई और एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई के आंकड़े भी महत्वपूर्ण रहेंगे। साथ ही विदेशी कोषों के प्रवाह तथा कच्चे तेल की कीमतों के उतार-चढ़ाव पर भी सभी की निगाह रहेगी। आगे निवेशकों की निगाह कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजों पर रहेगी। निवेशक कंपनियों की आमदनी में सुधार की उम्मीद कर रहे हैं।

### आयकर अधिनियम समीक्षा : सरकार निजी क्षेत्र और कर विशेषज्ञों से सुझाव आमंत्रित करेगी

INCOME TAX DEPARTMENT
आयकर विभाग

**नई दिल्ली ।** प्रत्यक्ष कर कानून को सरल बनाने सरकार ने अक्टूबर से आयकर अधिनियम, 1961 पर निजी क्षेत्र और कर विशेषज्ञों से सुझाव आमंत्रित करने का प्रस्ताव किया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस महीने की शुरुआत में उद्योग मंडलों के साथ बैठक में सरकार ने कहा था कि आयकर पोर्टल में एक ऐसी सुविधा बनाई जाएगी, जिसमें आयकर कानून की विभिन्न धाराओं के बारे में सुझाव दिए जा सकेंगे। इसका मकसद भाषा को सरल बनाना और मुकदमेबाजी को कम करना है। बजट घोषणा के बाद केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने छह दशक पुराने प्रत्यक्ष कर कानून की व्यापक समीक्षा और इसे संक्षिप्त, पढ़ने और समझने में सुगम बनाने के लिए एक आंतरिक समिति गठित की थी। एक सूत्र ने बताया कि उद्योग संघों के साथ बैठक में राजस्व विभाग ने सुझाव दिया कि आयकर कानून को फिर से तैयार करने के लिए सुझाव को लेकर अक्टूबर के पहले सप्ताह तक पोर्टल पर यह सुविधा डाली जाए। एक अन्य सूत्र ने बताया कि यह कवायद नया कर कानून या कर संहिता लिखने के लिए नहीं है। पुराने बेकार पड़ चुके प्रावधानों को हटाने से ही पृष्ठों की संख्या में करीब 100 की कमी आ सकती है। आयकर कानून की समीक्षा का उद्देश्य भाषा को सरल बनाना और मुकदमेबाजी को कम करना है। जुलाई में पेश किए गए 2024-25 के बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रस्ताव दिया था कि आयकर कानून की समीक्षा छह महीने में पूरी हो जाएगी।

# एफपीआई ने सितंबर में अब तक घरेलू शेयर बाजार में 57,359 करोड़ डाले




**नई दिल्ली।**
विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने सितंबर में अब तक घरेलू शेयर बाजारों में 57,359 करोड़ रुपये का निवेश किया है, जो उनके निवेश का नौ माह का उच्चस्तर है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा प्रमुख ब्याज दरों में 0.50 प्रतिशत की कटौती के बाद एफपीआई का भारतीय बाजार में निवेश लगातार बढ़ रहा है।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार इस साल एफपीआई का भारतीय शेयरों में निवेश एक लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। एक शोध विश्लेषक कंपनी ने कहा कि आगे चलकर एफपीआई का प्रवाह मजबूत बना रहेगा। वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में कटौती तथा भारत की मजबूत बुनियाद की वजह से एफपीआई भारतीय बाजार पर दांव लगा रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के मुद्रास्फीति प्रबंधन तथा तरलता से संबंधित फैसले इस रफ्तार को कायम रखने के लिए महत्वपूर्ण होंगे। आंकड़ों के अनुसार एफपीआई ने 27 सितंबर तक शेयरों में 57,359 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। अभी इस महीने का एक कारोबारी सत्र बचा है। यह दिसंबर, 2023 के बाद सबसे अधिक शुद्ध प्रवाह है। उस समय एफपीआई ने शेयरों में 66,135 करोड़ रुपये का निवेश किया था। जून से एफपीआई लगातार शुद्ध लिवाल बने हुए हैं। अप्रैल-मई में उन्होंने शेयरों से 34,252 करोड़ रुपये निकाले थे।

कुल मिलाकर इस साल जनवरी, अप्रैल और मई को छोड़कर अन्य महीनों में एफपीआई शुद्ध खरीदार रहे हैं। जानकारों ने कहा कि कई वजहों ने भारतीय शेयर बाजारों में एफपीआई के प्रवाह में उछाल आया है। इसमें एक प्रमुख वजह अमेरिकी केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दर में कटौती का चक्र शुरू करना है।

आंकड़ों के अनुसार सितंबर में अब तक एफपीआई ने ऋण या बॉन्ड बाजार में स्वैच्छिक प्रतिधारण मार्ग (वीआरआर) के माध्यम से 8,543 करोड़ रुपये और पूर्ण रूप से सुलभ मार्ग (एफआरआर) के माध्यम से 22,023 करोड़ रुपये डाले हैं।

# कृषि स्टार्टअप का प्रशिक्षण आज बहुत महत्वपूर्ण : शिवराज सिंह

**नई दिल्ली।**
**कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश में कृषि स्टार्टअप के लिए प्रशिक्षण महत्वपूर्ण है। उन्होंने अच्छी तरह से शोध किए गए प्रशिक्षण मॉड्यूल और पाठ्यक्रम बनाये जाने की जरुरत बताई। चौहान ने डिजिटल रूप से हैदराबाद में राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान के कार्यकारी छात्रावास ब्लॉक और प्रशिक्षण ब्लॉक की आधारशिला रखने के बाद कहा कि कृषि स्टार्टअप का प्रशिक्षण आज बहुत महत्वपूर्ण है।**



एक सरकारी बयान में कहा गया है कि उन्होंने संस्थान को विस्तार कार्य के हर पहलू पर ध्यान देने का सुझाव दिया। इसके लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल और पाठ्यक्रम न केवल पारंपरिक होने चाहिए, बल्कि आज की आवश्यकताओं को पूरा करने में भी सक्षम होने चाहिए। उन्होंने फसल विविधीकरण, मूल्य संवर्धन और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का भी आह्वान किया।

केंद्रीय कषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने झारखंड के डाल्टनगंज में प्रदेश में अरहर खेती में गिरावट आने को लेकर चिंता व्यक्त की और घोषणा की कि केंद्र दालों की खरीद करेगा। एक टीम राज्य का दौरा करेगी और इस क्षेत्र में अरहर और अन्य दालों की खेती को प्रोत्साहित करेगी।

# बीते सप्ताह कम आपूर्ति, त्योहारी मांग से तेल-तिलहन कीमतों में आया सुधार

**सोयाबीन डीगम तेल 1,050-1,060 से बढ़कर 1,065-1,070 डॉलर प्रति टन हो गया**



**नई दिल्ली ।**
बीते सप्ताह आपूर्ति घटने के बीच त्योहारी मांग बढ़ने से देश के खाद्य तेल-तिलहन बाजार में सरसों, मूंगफली, सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल जैसे सभी तेल-तिलहन के दाम सुधार के साथ बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह में आयातित खाद्य तेलों के दाम में सुधार देखा गया। पिछले सप्ताह के मुकाबले समीक्षाधीन सप्ताह में सूरजमुखी तेल का दाम पहले के 1,095-1,100 डॉलर प्रति टन से बढ़कर 1,120-1,125 डॉलर प्रति टन हो गया। इसी प्रकार सोयाबीन डीगम तेल का दाम 1,050-1,060 डॉलर प्रति टन से बढ़कर 1,065-1,070 डॉलर प्रति टन और सीपीओ का दाम 1,090-1,100 डॉलर प्रति टन से बढ़कर 1,035-1,040 डॉलर प्रति टन हो गया। इस तेजी का असर बाकी सभी तेल-तिलहन कीमतों पर हुआ जो खाद्य तेलों में सुधार का मुख्य कारण है। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 100 रुपये बढ़कर 6,775-6,825 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का भाव 150 रुपये बढ़कर 14,150 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 20-20 रुपये की मजबूती के साथ क्रमशः 2,195-2,295 रुपये और 2,195-2,310 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। सोयाबीन दाने और लूज का भाव क्रमशः 55-55 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 4,885-4,935 रुपये प्रति क्विंटल और 4,660-4,795 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसी प्रकार सोयाबीन दिल्ली, सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम के दाम क्रमशः 550 रुपये, 400 रुपये और 350 रुपये बढ़कर क्रमशः 13,400 रुपये, 12,850 रुपये और 9,600 रुपये क्विंटल पर बंद हुए। मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों में भी पिछले सप्ताहांत के मुकाबले सुधार का रुख रहा। मूंगफली तिलहन 100 रुपये की तेजी के साथ 6,450-6,725 रुपये क्विंटल, मूंगफली तेल गुजरात 125 रुपये के सुधार के साथ 15,225 रुपये क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल का भाव 30 रुपये की मजबूती के साथ 2,300-2,600 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ। मांग बढ़ने और कम आपूर्ति की स्थिति के कारण कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का दाम 450 रुपये की तेजी के साथ 12,000 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

# सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोने-चांदी की कीमतें घटीं

**नई दिल्ली।**
**घरेलू सर्राफा बाजार में दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। सोने के भाव में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 77,550 रुपये से लेकर 77,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 71,100 रुपये से लेकर 70,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी गिरावट आई है। इस गिरावट के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु 95,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है।**



देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 77,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,100 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,400 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,450 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 77,400 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 70,950 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,400 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 77,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 77,450 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है जबकि 22 कैरेट सोना 71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 77,550 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 77,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 70,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# दिल्ली अव्वल है इलेक्ट्रिक बसों के संचालन में

**नई दिल्ली।** आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि बड़े राज्य इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के मामले में पीछे हैं, जबकि छोटा राज्य आगे है। सड़क परिवहन एवं राज्य मंत्रालय के डाटा के अनुसार छोटे राज्य के मामले में देश की राजधानी दिल्ली अव्वल है। यहां पर अभी 2011 इलेक्ट्रिक बसें चल रही हैं। हालांकि देशभर में एक नंबर पर महाराष्ट्र है। यहां पर 2111 बसें चल रही हैं। अगर क्षेत्र के अनुसार देखा जाए तो महाराष्ट्र की तुलना में दिल्ली बहुत ही छोटा है और अंतर केवल 100 बसों का है। वहीं तीसरे नंबर पर कर्नाटक है, जहां पर 1195 बसें चल रही हैं। देश का सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश चौथे नंबर है, यहां पर 758 बसें और पांचवें नंबर पर गुजरात, यहां पर 894 बसें चल रही हैं। पूर्वोत्तर के राज्य मणिपुर और मिजोरम में केवल 1-1 बसें चल रही हैं। इसके बाद छत्तीसगढ़ में 4, झारखंड में 7 राजस्थान में केवल 24 इलेक्ट्रिक बसें चल रही हैं। वहीं, पश्मिच बंगाल जैसे बड़े राज्य में केवल 181 बसें चल रही हैं। मंत्रालय लगातार राज्यों से सार्वजनिक ट्रांसपोर्ट के रूप में इलेक्ट्रिक बसों को चलाने पर जोर दे रहा है, इस संबंध में पत्र भी लिखे है। मंत्रालय सुविधाजनक सफर के लिए हाईवे और एक्सप्रेसवे पर ईवी चार्जिंग स्टेशन लगा रही हैं। दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे पर 38, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर 51, दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे पर 10 , ट्रांस राजस्थान एक्सप्रेसवे पर 4, इंदौर-हैदाराबाद पर 6, रायपुर विशाखापट्टन पर 12 ईवी चार्जिंग प्वाइंट मिलेंगे। इसके साथ ही मार्च 2025 से पहले 200 ईवी चार्जिंग स्टेशन और बनाए जाएंगे। बता दें कि अब ईवी यानी इलेक्ट्रिक व्हीकल का समय आ गया है।

# कानपुर टेस्ट : तीसरे दिन का खेल भी रद्द, नहीं फेंकी जा सकी एक भी गेंद



**कानपुर।**

भारत और बांग्लादेश के बीच कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन का खेल भी नहीं हो पाया है। रविवार को मैदान गीला होने के कारण तीसरे दिन का खेल भी रद्द कर दिया गया है। तीसरे दिन एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। इससे पहले दूसरा दिन का खेल भी पूरी तरह बारिश से धुल गया था, जबकि पहले दिन केवल 35 ओवर की खेल ही हो पाया था।

रविवार को तीसरे दिन अंपायर्स ने लगातार मैदान का निरीक्षण किया। सुबह 10 बजे, फिर दोपहर 12 बजे और इसके बाद 2 बजे मैदान का निरीक्षण किया गया। आज बारिश नहीं हुई, लेकिन मैदान गीला था। ऐसे में मैदान का तीन बार निरीक्षण करने के बाद तीसरे दिन के खेल को रद्द कर दिया गया। रविवार को मैच देखने दर्शक भी बड़ी संख्या में पहुंचे थे। उन्हें भी मायूस होकर लौटना पड़ा। अब दर्शक चौथे दिन खेल होने की उम्मीद कर रहे हैं।

मैच के पहले दिन टॉस जीतकर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला क?िया था। बांग्लादेश ने बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में पहले दिन का खेल समाप्त होने तक 3 विकेट पर 107 रन बना लिये थे। मोमिनुल हक 40 और मुश्फिकुर रहीम 6 रन बनाकर खेल रहे थे। भारतीय टीम के लिए दाएं हाथ के तेज गेंदबाज आकाश दीप ने पहले दिन दो विकेट लिये।

उन्होंने बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन (0) और शादमान इस्लाम (24) को आउट किया, जिससे बांग्लादेश का स्कोर 29 रन पर 2 विकेट हो गया। इसके बाद कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो और मोमिनुल हक के बीच 51 रन की साझेदारी हुई, जिसे रविचंद्रन अश्विन ने तोड़ा। अनुभवी ऑफ स्पिनर ने शान्तो को 31 रन पर आउट किया। इसके बाद मोमिनुल और मुश्फिकुर रहीम ने बांग्लादेश की पारी को 100 के स्कोर पर पहुंचाया। 35वें ओवर के बाद खराब रोशनी के कारण खेल को रोका गया और फिर बारिश आ गई। इसके बाद पहले दिन के खेल को समाप्त घोषित कर दिया गया।

मैच के दूसरे दिन का खेल बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था। दूसरे दिन शनिवार को एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी थी। सुबह से ही मैदान कवर्स से ढके थे। अब तीसरे दिन का खेल भी मैदान गीला होने के कारण रद्द कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि चेन्नई में पहला टेस्ट 280 रनों से जीतने के बाद मेजबान टीम दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 1-0 से आगे चल रही है। भारतीय टीम वर्तमान में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अंक तालिका में शीर्ष पर है। बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के बाद न्यूजीलैंड तीन टेस्ट मैचों के दौरे के लिए भारत आएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### आईपीएल खेलने वाले खिलाड़ियों को मिलेंगे हर मैच के 7.5 लाख : जय शाह



**मुम्बई।** अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खिलाड़ियों को प्रति गेम 7.5 लाख रुपए की मैच फीस मिलेगी। ये उनके अनुबंध के अलावा 1.05 करोड़ रुपए हो सकती है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने सोशल मीडिया पर ये जानकारी दी है। जय शाह ने कहा कि हर फ्रेंचाइजी सत्र के लिए मैच फीस के रूप में 12.60 करोड़ रुपए रखेगी। जय शाह ने सोशल मीडिया पर कहा, आईपीएल में निरंतरता और उत्कृष्ट प्रदर्शन का जश्न मनाने के लिए एक हम अपने क्रिकेटरों के लिए प्रति गेम 7.5 लाख रुपए की मैच फीस शुरू करने से उत्साहित हैं। इससे एक सत्र में सभी लीग मैच खेलने वाले क्रिकेटर को उनकी अनुबंधित राशि के अलावा 1.05 करोड़ रुपए भी मिलेंगे। वहीं हर फ्रेंचाइजी सीजन के लिए मैच फीस के रूप में 12.60 करोड़ रुपए आवंटित करेगी। इससे आईपीएल खेलने वाले हमारे खिलाड़ियों को लाभ होगा। वहीं आईपीएल नियम में भब बदलाव किया गया है। अब टीमें 6 खिलाड़ियों को रिटने कर पायेंगी।

### केकेआर के मेंटर बने ड्वेन ब्रावो

**मुम्बई।** वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर ड्वेन ब्रावो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2025 सत्र के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मेंटर होंगे। इससे पहले वह चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में गेंदबाजी कोच रहे थे। ब्रावो को केकेआर में गौतम गंभीर की जिम्मेदारी दी गयी है। ब्रावो ने 2021 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था और पिछले साल इंडियन प्रीमियर लीग से भी संन्यास ले लिया था। इस क्रिकेटर ने कहा कि मैंने केकेआर का मेंटर बनने का प्रस्वाव स्वीकार कर लिया है। मैं इससे पहले सीएसके में रहा था इसलिए उसका भी आभार व्यक्त करता हूं। साथ ही कहा कि सीएसके में मेरे प्रशंसकों और दुनिया भर के सभी सीएसके प्रशंसकों से मैं आपसे हमेशा की तरह मुझे अपना आशीर्वाद और समर्थन देने का अनुरोध करता हूं। मुझे पता है कि यह आप लोगों के लिए एक मुश्किल क्षण है पर यह एक ऐसा क्षण है जिसके लिए मैं आपको प्रोत्साहित करता हूं। मैं जो कुछ भी करता हूं उसमें मेरा समर्थन करना जारी रखें। ब्रवो ने आईपीएल में सीएसके के साथ 4 आईपीएल खिताब जीते हैं। उनके नाम आईपीएल इतिहास में 183 विकेट हैं। उन्होंने 2013 और 2015 में पर्पल कैप भी जीती थी। ब्रावो अपने जीवन में आने वाले नए अध्याय को लेकर उत्साहित हैं।



### लंबी उम्र तक खेलने के लिए फिटनेस जरुरी : रोहित शर्मा



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के लिए 500 मैच खेलने के करीब हैं जिससे वह उत्साहित हैं क्योंकि काफी कम खिलाड़ी ही ये उपलब्धि हासिल कर पाते हैं। साथही कहा कि इतनी लंबी उम्र तक खेलने के लिए जीवन में फिटनेस की अहम भूमिका भूमिका होती है। रोहित ने कहा, मैं पिछले 17 साल से खेल रहा हूं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के लिए 500 मैच खेलने के करीब पहुंच गया हूं। 500 मैच, दुनिया भर में काफी कम क्रिकेटरों ने ही खेले हैं। इतने लंबे समय तक खेलने के लिए आपको अपनी फिटनेस बनाने के साथ ही मानसिक रुप से भी तैयारी करनी होती है क्योंकि हमारा काम खेल के लिए 100 फीसदी तैयार रहना होता है। फिर अगर आप पीछे की ओर जाते हैं, तो उस तैयारी में फिटनेस भी शामिल होती है। रोहित ने इसके साथ ही कहा कि टी20 विश्व कप के बाद उन्होंने टी20 प्रारुप से इसलिए संन्यास लियास क्योंकि ये सही समय था। इसके साथ ही कई युवा खिलाड़ी भी आगे आ रहे थे जिनके लिए जगह भी बनानी थी। विश्वकप जीतने के बाद मुझे लगा कि अब इस प्रारुप से आगे जाना चाहिये। गौरतलब है कि रोहित ने 151 टी20आई मैचों में 4,231 रन बनाए हैं। उन्होंने अपने करियर में पांच शतक और 32 अर्द्धशतक बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 121 रन रहा है। रोहित इस प्रारूप में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी हैं। रोहित ने कहा कि एक क्रिकेटर के रूप में उनके लिए फिटनेस का मतलब शारीरिक रूप से दिखना नहीं है, बल्कि यह है कि वे मैदान पर अपनी टीम को क्या दे सकते हैं। उन्होंने कहा, क्या आप टेस्ट मैच में 5 दिनों में पूरी तीव्रता के साथ टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकते हैं और क्या आप वनडे में 100 ओवरों तक अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकते हैं।

## आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप

# भारतीय निशानेबाजों ने टीम स्पर्धा में दो स्वर्ण पदक जीते

**लीमा (पेरू)।**

भारतीय निशानेबाजों ने पेरू के लीमा में चल रही आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) में पुरुषों और महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं में टीम स्वर्ण पदक जीतकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की लेकिन एक निशानेबाज पर देर से पहुंचने के कारण दो अंक का जुर्माना लगाया गया।



उमेश चौधरी, प्रद्युम्न सिंह और मुकेश नेलवल्ली की जूनियर पुरुष टीम ने 1726 अंकों के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल में टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। भारतीय टीम दूसरा स्थान हासिल करने वाले रोमानिया से 10 अंक आगे रही। इटली ने 1707 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। चौधरी हालांकि फाइनल के लिए देर से रिपोर्ट करने के कारण दो अंक का जुर्माना लगने से पदक हासिल करने से चूक गए।

चौधरी और प्रद्युम्न ने क्वालिफिकेशन राउंड में क्रमश: तीसरे और चौथे स्थान पर रहते हुए व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाई थी। चौधरी ने 580 और प्रद्युम्न ने 578 का स्कोर किया, लेकिन फाइनल में वे क्रमश: छठे और आठवें स्थान पर रहे। नेलवल्ली 574 के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन में नौवें स्थान पर रहे और इस तरह से फाइनल में जगह नहीं बना पाए।

व्यक्तिगत वर्ग में रोमानिया के लुका जोल्डिया ने स्वर्ण पदक जबकि चीनी ताइपे के हसिह सियांग चेन ने रजत पदक जीता। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में कनिष्का डागर, लक्षिता और अंजलि चौधरी की भारतीय टीम ने 1708 का स्कोर करके स्वर्ण पदक हासिल किया। भारतीय टीम ने अजरबेजान को एक अंक से पीछे छोड़ा। यूक्रेन की टीम ने कांस्य पदक हासिल किया।

डागर और कनक ने क्वालीफाइंग दौर में समान 573 का स्कोर बनाया। डागर ने हालांकि 10 अंक के अधिक स्कोर बनाए थे और इस कारण वह तीसरे जबकि कनक पांचवें स्थान पर रही। फाइनल में कनक ने 217.6 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता जबकि डागर आठवें स्थान पर रहीं। चीनी ताइपे की चेन यू-चुन ने स्वर्ण पदक जबकि स्लोवाकिया की मांजा स्लैक ने रजत पदक हासिल किया।

### गुलवीर सिंह ने चैलेंज कप में नए रिकॉर्ड के साथ जीता सोना

**निगाटा।** भारत के गुलवीर सिंह ने जापान के निगाटा में विश्व एथलेटिक्स उपमहाद्वीपीय टूर के योगिबो एथलेटिक्स चैलेंज कप में पुरुषों के 5000 मीटर दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम करते हुए स्वर्ण पदक जीता। पिछले साल हांगझोऊ एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाले गुलवीर ने विश्व एथलेटिक्स के इस 'ब्रॉन्ज लेवल मीट' में 13 मिनट 11.82 सेकंड के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल कर अपने पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया। 26 वर्षीय खिलाड़ी ने इस साल की शुरुआत में पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल में 13 मिनट 18.92 सेकंड के समय के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किया था। गुलवीर के नाम 10,000 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। उन्होंने इस साल मार्च में कैलिफोर्निया में 'टेन ट्रैक मीट' में कायम किया था। उन्होंने उस समय 27 मिनट 41.18 सेकंड का समय लिया था।



# श्रीलंका ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड को एक पारी और 154 रनों से हराकर 2-0 से सीरीज जीती



**गॉल।**

मेजबान श्रीलंका ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड को एक पारी और 154 रनों से हराकर दो मैचों की सीरीज 2-0 से जीत ली है। न्यूजीलैंड की टीम इस मैच में चौथे दिन फालोआन खेलते हुए अपनी दूसरी पारी में 360 रन ही बना पायी। वहीं न्यूजीलैंड के बल्लेबाज श्रीलंकाई स्पिनरों के सामने टिक नहीं पाये और पहली पारी में केवल 88 रनों पर आउट हो गये। इस प्रकार उसे 514 रनों से पीछे होने के कारण फॉलोऑन खेलना पड़ा। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में टॉम ब्लंडेल (62), ग्लेन फिलिप्स (78) और मिशेल सेंटनर (67) की अच्छी पारियों से 360 रन बनाये पर ये पर्याप्त नहीं थे। कीवी टीम ने सुबह पांच विकेट पर 199 रन से आगे खेलना शुरू किया लेकिन उसने पहले सत्र में ही तीन विकेट गंवा दिए जिससे श्रीलंका की बड़ी जीत तय हो गयी थी।

यह पिछले 15 वर्षों में पहला अवसर है जबकि उसने न्यूजीलैंड को श्रृंखला में हराया। श्रीलंका की जीत में बाएं हाथ से स्पिनर प्रभात जयसूर्या और रहे कामिंदु मेंडिस की अहम भूमिका रही। प्रभात ने पहले मैच की तरह ही इस में भी 9 विकेट लिए और इस प्रकार सीरीज में 18 विकेट के साथ ही उन्हें सीरीज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवार्ड मिला। वहीं कामिंदु मेंडिस को मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवार्ड मिला। कामिंदु ने नाबाद 182 रन बनाए जिससे श्रीलंका ने अपनी पहली पांच विकेट पर 602 रन बनाये थे। कामिंदु ने इस पारी के साथ ही सबसे तेज 1000 टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में संयुक्त रुप से तीसरा स्थान हासिल किया। तीसरे स्थान पर पहुंच गए। प्रभात ने पहले टेस्ट मैच में भी 9 विकेट लिए थे। श्रीलंका ने अब लगातार तीन टेस्ट मैच जीत लिए हैं और इससे उसने अगले जून में लॉर्ड्स में होने वाले आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की उसकी संभावनाएं बढ़ गयी हैं।

### पूरन टी20 में एक कैलेंडर वर्ष में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने

**जमैका।** वेस्टइंडीज के क्रिकेटर निकोलस ने सीपीएल 2024 में एक नया रिकार्ड बनाया है। पूरन एक कैलेंडर वर्ष में टी20 में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गये हैं। इस प्रकार उन्होंने पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान का रिकार्ड तोड़ दिया। पूरन ने ट्रिनबागो नाइट राइडर्स की ओर से खेलते हुए बारबाडोस रॉयल्स के खिलाफ 15 गेंदों में 27 रन बनाये। इसी के साथ ही पूरन इस साल टी20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गये। उन्होंने 66 मैचों की 65 पारियों में 42.02 की औसत से कुल 2,059 रन बनाए हैं।

# यश, गुनी, मान्या, लगन तथा आराध्या का नेशनल जूडो टूर्नामेंट में हुआ चयन



**मुरादाबाद।**

आरएसडी अकादमी पब्लिक स्कूल में सीबीएसई नॉर्थ जोन जूडो टूर्नामेंट के विजयी खिलाड़ियों के लिये रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य अभिषेक शर्मा ने बताया कि इस टूर्नामेंट में विजयी एकेडमी के विद्यार्थी यश दिवाकर, गुनी चौधरी, मान्या शर्मा , लगन यादव तथा आराध्या का चयन सीबीएसई नेशनल जूडो टूर्नामेंट के लिये हुआ है। आरएसडी अकेडमी समूह के निदेशक डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि तीन दिन पूर्व सीबीएसई नॉर्थ जोन जूडो टूर्नामेंट का आयोजन मेरठ में हुआ था। उसमें आरएसडी के यश दिवाकर, गुनी चौधरी ने गोल्ड मेडल, मान्या शर्मा, लगन यादव व आराध्या ने सिल्वर मेडल तथा अंशुमन चौधरी व सुरम्या ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि आज संपूर्ण आरएसडी अकादमी परिवार के लिये यह गौरव का विषय है कि इस टूर्नामेंट में विजयी एकेडमी के पांच छात्र- छात्राओं का चयन सीबीएसई नेशनल जूडो टूर्नामेंट के लिये हुआ है। सम्मान समारोह में विद्यालय के निदेशिक डॉ. जी कुमार, डॉ. गौरव कुमार, डॉ. अजय शर्मा, डॉ. गरिमा शर्मा, डॉ. मयंक शर्मा ने टूर्नामेंट में विजयी विद्यार्थियों तथा नेशनल के लिए चयनित सभी विधार्थियों तथा कोच मयंक कश्यप को बहुत-बहुत बधाई दी।

# बांग्लादेश के खिलाफ सूर्यकुमार की कप्तानी में टी20 सीरीज में उतरेगी भारतीय टीम

**मुम्बई।**

सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज में उतरेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की पुरुष चयन समिति ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम घोषित की है। इस टीम में तेज गेंदबाज मयंक यादव को प्रवेश मिला है। मयंक ने आईपीएल में 157 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी थी। वह चोटिल होने के कारण तीन मैचों के बाद ही बाहर हो गये थे। वहीं अब फिट होकर इस तेज गेंदबाज ने वापसी की है। इसके अलावा स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को भी टीम में जगह मिलने से सभी हैरान हैं। भारतीय टीम को टी20 सीरीज में तीन मैच ग्वालियर, नई दिल्ली और हैदराबाद में खेलने हैं। नितीश कुमार रेड्डी टीम में नये चेहरे हैं।



### बांग्लादेश के खिलाफ 3 टी20 मैचों के लिए भारतीय टीम

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या, रियान पराग, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, मयंक यादव। टी20 में दोनों टीमें के बीच अब तक 14 टी20 मैच हुए हैं। इसमें बांग्लादेश को केवल एक ही मैच में जीत मिली है। वहीं भारतीय टीम ने 13 मुकाबले जीते हैं।

### मैचों का कार्यक्रम इस प्रकार है

06-अक्टूबर पहला टी20, ग्वालियर, 09 अक्टूबर दूसरा टी20, नई दिल्ली, 12 अक्टूबर तीसरा टी20, हैदराबाद तीनों ही मैच शाम 7 बजे शुरु होंगे।

# अब 6 खिलाड़ी रिटेन कर सकेंगी आईपीएल टीमें : गवर्निंग काउंसिल

### इंम्पैक्ट प्लेयर नियम भी जारी रहेगा

**बेंगलुरू/मुम्बई।**

आईपीएल की गवर्निंग काउंसिल ने रिटेंशन पॉलिसी में बड़ा बदलाव किया है। इसके तहत ही अब फ्रेंचाइजी को अपनी पिछली टीम से 4 की जगह पर 6 खिलाड़ियों को रिटेन (बरकारार) रख सकेंगी। इसमें नीलामी का एक 'राइट टू मैच' (आरटीएम) कार्ड भी शामिल रहेगा। इसकी कीमत 120 करोड़ रुपये के बढ़े हुए टीम पर्स में से 75 करोड़ रुपये होगी। इससे पहले साल 2022 में आयोजित पिछली मेगा नीलामी में एक टीम को अधिकतम चार खिलाड़ियों को रिटेन करने की अनुमति दी गयी थी। फ्रेंचाइजी को अगले सत्र के लिए 'नीलामी के साथ ही रिटेनशन' के लिए 120 करोड़ रुपये की रकम के अलावा 12.60 करोड़ रुपये की अतिरिक्त रकम भी आवंटित करनी होगी। बीसीसीआई के एक अधिकारी के अनसार पहले रिटेनशन का खर्चा 18 करोड़ रुपये होगा। उसके बाद 14 करोड़ रुपये की दूसरी और 11 करोड़ रुपये की तीसरी रिटेनशन राशि रहेगी। वहीं अगर कोई फ्रेंचाइजी चौथे और पांचवें रिटेनशन का विकल्प चुनती है तो उन्हें फिर से 18 करोड़ रुपये और 14 करोड़ रुपये अदा करने होंगे।'



उन्होंने कहा, 'इसलिए कोई भी फ्रेंचाइजी अगर सभी पांच रिटेनशन का विकल्प रखती है तो उसके पास खरीदने के लिए केवल 45 करोड़ रुपये रहेंगे। यहां तक कि वह अपने आरटीएम कार्ड का उपयोग करके भी अन्य 15 खिलाड़ी खरीदकर एक टीम तैयार कर सकती है। भारतीय और विदेशी रिटेनशन को लेकर कोई सीमा नहीं है।' अधिकांश मजबूत फ्रेंचाइजी छह से आठ खिलाड़ियों को रिटेन करने के पक्ष में थीं जबकि कुछ अन्य फ्रेंचाइजी के पास ज्यादा बड़े खिलाड़ी नहीं थे इसलिए वह इसका विरोध कर रहे थे।

इसके अलावा विवादास्पद 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम को भी बनाये रखा गया है। इस नियम को आईपीएल 2023 के दौरान पेश किया गया था और तब से ही इस नियम पर आम राय नहीं बन पायी थी और इसके विरोधियों का कहना था कि इससे ऑलराउंडरों का महत्व कम हो गया था।

### नीलामी में चुने जाने के बाद खेलने से इंकार करने वाले विदेशी खिलाड़ियों पर लगेगा प्रतिबंध

अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नीलामी में खरीदे जाने के बाद उपलब्ध नहीं रहने वाले विदेशी खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगेगा। आईपीएल जनरल काउंसिल (आईपीएल जीसी) ने नीलामी में चुने जाने के बाद बिना किसी वैध कारण के नहीं खेलने वाले विदेश खिलाड़ियों पर दो साल का प्रतिबंध लगेगा। हालांकि चोटिल होने या किसी और आवश्यक कार्य से बाहर रहने वाले खिलाड़ियों पर कार्रवाई नहीं होगी। आईपीएल जीसी की ओर से कहा गया, कोई भी खिलाड़ी जो नीलामी के लिए पंजीकरण करता है और नीलामी में चुने जाने के बाद सत्र की शुरुआत से पहले अपने को उपलब्ध नहीं बताता है तो उसे दो सत्र के लिए नीलामी में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। वहीं अनफिट होने पर उसकी पुष्टि उसके घरेल बोर्ड को करनी होगी तभी उसे सही माना जाएगा। प्रतिबंध के अलावा आईपीएल ने मिनी-नीलामी में खिलाड़ियों की फीस को विनियमित करने के लिए भी उपाय पेश किए हैं। विदेशी खिलाड़ियों को अब बाद की मिनी नीलामी में शामिल होन के लिए मेगा नीलामी में पंजीकरण करना होगा। यह नियम खिलाड़ियों को मिनी नीलामी में संभावित रूप से उच्च बोली हासिल करने के लिए मेगा नीलामी को छोड़ने से रोकता है। आईपीएल ने मिनी-नीलामी में विदेशी खिलाड़ियों के लिए अधिकतम शुल्क भी लागू किया है। यह सीमा 18 करोड़ रुपए की उच्चतम प्रतिधारण कीमत या पिछली मेगा नीलामी से उच्चतम नीलामी मूल्य, जो भी कम हो उस पर निर्धारित की जाएगी। इसका उद्देश्य मिनी नीलामी में खिलाड़ियों की कीमतों में वृद्धि को रोकना है, जहां टीमें अक्सर विशिष्ट स्क्वाड अंतराल को भरने के लिए प्रीमियम दरों का भुगतान करती हैं।

## 29 हजार का आईफोन मिला मात्र 68 रूपए में

**पंजाब** यूनिवर्सिटी के बीटेक के एक स्टूडेंट निखिल बंसल ने स्नैपडील की वेबसाइट से 29 हजार का आईफोन 5एस गोल्ड सिर्फ 68 रूपए में खरीदा है। इस डील के बारे में निखिल ने बताया कि स्नैपडील की साइट पर आईफोन 5एस गोल्ड 99.7 प्रतिशत की छूट मिल रही थी। मैंने जैसे ही यह ऑफर देखा तुरंत ऑर्डर कर दिया। लेकिन उन्हें इस स्मार्टफोन की डिलिवरी नहीं की गई। कंपनी ने इसके पीछे तर्क दिया कि टेक्निकल प्रॉब्लम की वजह से यह ऑफर दिखाई दे रहा था जिसे कंपनी ने बाद में हटा लिया था। इस बात से गुस्साए निखिल ने उपभोक्ता कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। उन्होंने कोर्ट में बताया कि कंपनी की वेबसाइट पर आईफोन 5एस 99.7 प्रतिशत की छूट के साथ मिल रहा था। साथ ही यह भी दावा किया गया था कि 16 जीबी का यह फोन स्मार्टफोन के सभी दमदार फीचर्स के साथ मिलेगा। वहीं, स्नैपडील ने कोर्ट में टेक्निकल प्रॉब्लम का तर्क रखा जिससे यह ऑफर वेबसाइट पर दिखाई दिया था लेकिन बाद में इसे हटा भी लिया गया था। अच्छी बात यह है कि कोर्ट ने स्नैपडील के तर्क को खारिज करते हुए यह आदेश दिया कि निखिल को यह फोन अब उसी ऑफर के साथ यानी 68 रूपए में उपलब्ध कराया जाए। साथ ही स्नैपडील पर 2000 रूपए का जुर्माना भी ठोंका।

## पीला रंग के फल व सब्जियां में सेहत के राज

पपीता, बेल, केला, कद्दू यह सब खुशी के रंग होते हैं। इनमें लाइकोपीन, बिटामिन-ए, सी, पोटेशियम, फलेवोनायड पाया जाता है ये पोषक पदार्थ ब्लडप्रेशर को नियंत्रिता करते हैं। इनके सेवन से कब्ज और गले की जलन से छुटकारा मिलता है। यह आपकी हेल्थ के अलावा बालों में चमक लाते है।



## हिचकी रोकने के आसान उपाय



कहते है हिचकी तभी आती है जब कोई आपको दिल से याद करता है, लेकिन ऐसा नहीं है। जी हां हिचकी अचानक से मौसम बदलने, गर्म के बाद कुछ ठंडा खा लेने, सिगरेट पीने से और यहां तक कि ज्यादा चिंता करने तक से हिचकी आती है। जब भी हमें हिचकी आती हम कुछ देर के लिए परेशान हो जाते हैं। तो आज हम आपको बताने वाले हैं कुछ ऐसे ही आसान उपाय जिससे कुछ सेकेंड्स में ही हिचकी बंद की जा सकती है।

### एक गिलास ठंडा पानी

ऐसा माना जाता है कि हिचकी आने पर तुरंत ठंडा पानी पिया जाए तो यह रुक जाती है। कुछ लोग का कहना है कि पानी पीते समय आपको अपनी नाक भी बंद करनी चाहिए।



### एक चम्मच शहद

हिचकी को रोकने में शहद भी है फायदेमंद। हिचकी आने पर एक चम्मच शहद खाना फायदेमंद रहता है, अचानक से शरीर को मिलने वाली शहद की मिठास नर्व्स को संतुलित करती है।

### कुछ पल के लिए सांस रोकें

जानकारों का मानना है कि, हिचकी आए तो अपनी सांसों को कुछ पल के लिए रोक लेना चाहिए। यह बहुत ही पुराना नुस्खा है और इससे हिचकी रोकने में मदद भी खूब मिलती है।

### पीनट बटर खाएं

बताया जाता है कि पीनट बटर खाने से भी हिचकी दूर होती है। जब यह आपके दांत और जीभ से होते हुए खाने की नली में उतरता है तो इससे सांस लेने की क्रिया भी प्रभावित होती है और यह हिचकी रोकती है।

### उंगलियों को मुंह में डालें

ये तरीका थोड़ा अजीब जरूर है लेकिन अगर बहुत ही ध्यान से अपनी उंगली को मुंह में ले जाने से भी हिचकी रोकने में मदद मिलती है। ध्यान रहे जल्दबाजी में ऐसा करने से आपको खासी आ सकती है।

### गर्दन पर आइस बैग

हिचकी आने पर गर्दन पर आइस बैग या ठंडे पानी में भीगा कपड़ा रखने से भी मदद मिलती है।

भारतीय मसालों में जो बात होती है वो किसी अन्य मसालों में नहीं होती, भारतीय मसाले न सिर्फ खाने को स्वादिष्ट बनाते है बल्कि बिमारियों से भी दूर रखते है और आपके स्वाद से लेकर सौंदर्य तक का पूर्ण ख्याल रखते है, क्या आप जानते है की डेली इस्तेमाल में आने वाले मसालें हमारे लिए कितने फायदेमंद होते है।

## स्वाद संग सौंदर्य भी बढ़ाएं
# भारतीय मसाले



### हींग



#### हेल्थ बेनिफिट्स

हींग के बिना दाल जैसे धागे के बिना सुई जी हां हींग के बगैर खाने में स्वाद नहीं आता, हींग का तड़का देने से खाना पौष्टिक व स्वादिष्ट बनता है। हींग हेल्थ बेनिफिट्स में भी अन्य तरीकों से काम आती है, कफ व पेट दर्द में आराम मिलता है, दांत दर्द होने पर गाल के बहरी हिस्से पर हींग का लेप लगाने से दर्द कम हो जाता है। नवजात शिशु को पेट दर्द होने पर नाभि के आसपास इसका लेप लगाने से बच्चे के पेट का दर्द दूर हो जाता है।

#### ब्यूटी बेनिफिट्स

हींग को गुलाबजल और मुल्तानी मिटटी में मिलाकर लगाने से झुर्रियां और चेहरे की बारीक लकीरे खत्म हो जाती है, इस फेस पैक को 15 मिनट तक लगाएं और फिर पानी से धो दें। हींग को कई अन्य तरीकों से भी इस्तेमाल किया जाता है जैसे टमाटर के गूदे में थोड़ी सी चीनी और हींग मिलाकर चेहरे पर लगाने से रंग निखरता है।

### दालचीनी



#### हेल्थ बेनिफिट्स

दालचीनी का सबसे ज्यादा फायदा बी पी के पेशेंट को होता है, बी पी कम होने पर दालचीनी की छोटी टुकड़ी मुह में रखने से आराम मिलता है, जानकारी के लिए बता दें की दालचीनी में इंफ्लेमेटरी गुण होते है, चोट लगने पर इसका लेप लगाने से आराम मिलता है, इसका सेवन करने से ब्लड कोलेस्ट्रोल भी कम होता है, रोज सुबह खाली पेट एक टी स्पून दालचीनी पाउडर में शहद मिलाकर गुनगुने पानी के साथ लेने से फायदा होता है।

#### ब्यूटी बेनिफिट्स

दालचीनी खूबसूरती को निखारने में काफी फायदेमंद मानी जाती है, इसके एंटी बैक्टीरियल तत्त्व ब्लड सर्कुलेशन को इम्प्रूव करने में मदद करते है। ये पिम्पल्स के लिए फायदेमंद है, दालचीनी का पेस्ट बनाकर पिम्पल्स वाली जगह पर लगाएं, आप चाहे तो पूरे चेहरे पर लगा सकती है, इससे मुरझाई त्वचा खिल उठेगी।

### धनिया



#### हेल्थ बेनिफिट

धनिया न सिर्फ खाने के काम ही नही आती है, यह गले के दर्द, एलर्जी, तेज बुखार व पाचन संबंधी समस्याएं दूर करती है। गर्मियों में पिसी मिश्री के साथ धनिया खाने से शरीर ठंडा रहता है।

#### ब्यूटी बेनिफिट्स

धनिया के बीज को रातभर पानी में भिगोकर रखें, सुबह उस पानी को ऑय ड्राप की तरह इस्तेमाल करें, ये न सिर्फ आंखों को क्लीन करेगा बल्कि ठंडक का एहसास भी देगा, इसका कूलिंग इफेक्ट आंखों को ब्राइट, शाइनी और साफ रखता है।

### राई



#### हेल्थ बेनिफिट्स

राई शरीर को स्वस्थ रखने और बिमारियों से लड़ने में काफी सहायक होती है, खासकर सर्दियों में रोज राई का सेवन करने से सर्दी व जमे हुए बलगम से निजात पा सकते है।

#### ब्यूटी बेनिफिट्स

राई नेचुरल सुंदरता के तौर पर भी काम करती है, राई नेचुरल स्क्रब का काम करती है, इसे लेवेंडर या रोज आयल में मिक्स करके लगाएं, एलोवेरा जेल में सरसों मिलाकर लगाने से त्वचा हाइड्रेट रहती है व राई का तेल बालों को भी मजबूत बनता है।

### कम समय में एक्टिव रहने के उपाय
## ऑफिस में थकान दूर कर रहें फिट

**सुबह की भागदौड़ और लंबे वर्किंग आवर्स की वजह से ऑफिस जाने वाले लोगों में अक्सर थकान, कमजोरी, नर्वस ब्रेकडाउन, बॉडी पेन की शिकायतें मिलती हैं।**

सुबह ऑफिस जाने की जल्दी में न तो ठीक से नाश्ता होता है और न ही एक्सरसाइज। इस वजह से सुबह उठकर भी हम फ्रेश महसूस नहीं करते हैं। स मय की कमी की वजह से ये सब होता है। इसलिए हम आपको बता रहे हैं 5 ऐसे ट्रिक्स। इसकी मदद से आप ऑफिस में सुबह से लेकर शाम तक रह सकते हैं फ्रेश और एक्टिव।

#### स्ट्रेचिंग

लंबे वक्त तक लैपटॉप और कंप्यूटर पर काम करने की वजह से शरीर और आंखों में दर्द होता है। इससे निजात पाने के लिए स्ट्रेचिंग एक बेहतर उपाय है। इसके लिए आप अपनी सीट से कुछ देर के लिए उठिए। दोनों हाथों को ऊपर उठाकर स्ट्रेच करिए। हाथों की अंगुलियों को घुमाएं। इस सब से मांस-पेशियों में खिंचाव आएगा और खून का बहाव भी सामान्य होगा।

#### तनाव को रखें दूर

ऑफिस में काम को लेकर तनाव होना आम बात है। अच्छा है कि 2-3 घंटों तक लागातार काम करने के बाद कुछ देर के लिए रेस्ट लें। दिमाग को डायवर्ट कर रिलैक्स मोड पर डाल दें।



#### आंखों को करें रिलैक्स

ज्यादा देर तक कंप्यूटर पर टकटकी लगाकर न देखें। हर एक घंटे में थोड़ी देर के लिए आखों को बंद कर लें। इससे आंखों पर लगातार पड़ रहे दबाव से मुक्ति मिलेगी। आंखें रिलैक्स होंगी। 30 सेकन्ड के लिए पलकों को बार-बार बंद करें और खोलें। यह आंखों की अच्छी एक्सरसाइज है।

#### मील

दिन में एक बार जमकर खाने से बेहतर है कि हर दो घंटों में एक कंप्लीट मील लें। इसके लिए जरूरी है कि आपकी हर मील पोषक तत्वों से भरी होनी चाहिए। इस मील में फ्रूट्स, वेजिटेबल्स, चना, पोहा खाना चाहिए। यह हेल्दी होने के साथ ही आसानी से पच भी जाता है। पोषक तत्वों से भरी ये मील आपको एनर्जेटिक भी रखेगी।

#### वाकिंग

दिनभर कुर्सी पर बैठे रहना सेहत के लिए बहुत खराब हो सकता है। इससे पेट पर फैट बढ़ने के साथ ही बैकबोन संबंधी बीमारी की शिकायत भी हो सकती है। बेहतर है कि कुर्सी से उठकर बीच-बीच में 5-10 मिनट की वॉक लेते रहें।

## वैलनैस इंडस्ट्री में कॅरियर को बनाएं बेहतर

वैलनैस इंडस्ट्री के तहत विभिन्न तंदुरुस्ती तथा सौंदर्य सेवाएं आती हैं, जिनका आनंद कोई व्यक्ति किसी सैलून अथवा केंद्र में उठा सकता है। पहले यह एक असंगठित उद्योग था, लेकिन अब देश के सकल घरेलू उत्पाद यानि देश की आय में इसका योगदान महत्वपूर्ण है। एक अध्ययन के अनुसार देश में वैलनैस इंडस्ट्री के इस वर्ष के अंत तक 1 लाख करोड़ रुपए का कारोबार करने का अनुमान है। इसमें आपके लिए बेहतर कॅरियर के विकल्प मौजूद हैं।

#### प्रशिक्षण संस्थान...

हाल के वर्षों में वैलनैस इंडस्ट्री में कॅरियर बनाने का प्रशिक्षण देने वाले देश में कई संस्थान खुले हैं। ये संस्थान वैलनैस के क्षेत्र में ट्रेनिंग व एजुकेशन प्रदान कर रहे हैं। मंत्रा इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड फिटनेस मैनेजमेंट, ओरिएंट स्पा इंस्टीट्यूट, एनएसएचएम उड़ान स्किल्स फाऊंडेशन जैसे कुछ संस्थान अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रोग्राम्स तथा कोर्सेज करवा रहे हैं। ग्लोबल इंडियन ब्यूटी एक्स्पो 2014 आदि इसी का उदाहरण है। देश में वैलनैस इंडस्ट्री में उज्ज्वल भविष्य बनाने की अपार संभावनाएं हैं।



#### स्वरोजगार के भी अच्छे मौके...

यह भी अच्छी बात है कि जो लोग इस सेक्टर में स्वरोजगार शुरू करना चाहते हैं उन्हें भी वैलनैस से जुड़ी यूनिट्स खोलने के लिए आरंभ में ही अधिक धनराशि की जरूरत नहीं होती तथा न ही अधिक लोगों की जरूरत पड़ती है। इसलिए हम कह सकते हैं कि इस क्षेत्र में आपके लिए बेहरत कॅरियर विकल्प मौजूद है।

#### अपार संभावनाएं...

भारत आयुर्वेदिक ट्रीटमेंट्स तथा योगा के लिए एक ग्लोबल सेंटर बनता जा रहा है। हर्बल कॉस्मैटिक्स सेक्टर भी भारतीय वैल्नेस इंडस्ट्री में अपनी जगह पक्की करता जा रहा है। अनुमान है कि इसमें 7 प्रतिशत की दर से विकास होगा, क्योंकि अधिक से अधिक लोग रासायनिक उत्पादों को छोड़कर जैविक उत्पादों की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। हेल्थ ड्रिंक्स के रूप में न्यूट्रास्यूटिकल्स, स्लिमिंग टी, डाइटरी सप्लीमेंट्स आदि का सेवन भी कई गुणा बढ़ रहा है। इस सेग्मेंट के भी वर्ष 2016 तक बढ़कर 3212.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर होने की अपेक्षा है। वहीं ग्लोबल वैलनैस टूरिज्म सेग्मेंट के भी आम पर्यटन की अपेक्षा 50 प्रतिशत तेजी के साथ बढ़ने की संभावना है।

### रेसिपी

#### वेज मंचूरियन



**सामग्री**

100 ग्राम गाजर, 100 ग्राम फूलगोभी, 100 ग्राम पता गोभी, 50 ग्राम शिमला मिर्च, 2 हरी मिर्च, हरा धनिया, 200 ग्राम कॉर्न फ्लार, 1 टे.स्पून चिली सॉस, 1 टी स्पून सोया सॉस, 1 टे.स्पून टमैटो सॉस, स्वादानुसार नमक, लाल मिर्च, गर्म मसाला, पिसा हुआ धनिया, तलने के लिए तेल

**विधि**

सारी सब्जियों को बारीक-2 काट लें या फिर कद्दूकस कर लें। अब उन सब सब्जियों में कॉर्न फ्लार डालकर अच्छी तरह मिलाया दें। इस मिश्रण में अपने स्वादा के अनुसार नमक, गर्म मसाला और एक हरी मिर्च बारीक काट कर मिला लें। अब इस मिश्रण से कोफ्ते तैयार कर लें। फिर कड़ाही में तेल डाल कर गरम तेल में कोफ्तों को अच्छी तरह ब्राउन तल लें। ग्रेवी बनाने के लिए कड़ाही में तेल डाल कर गर्म कर लें। जब तेल अच्छी तरह गर्म हो जाए तो उसमें प्याज डाल कर ब्राउन होने तक भूनतो रहे। जब वह अच्छी तरह ब्राउन हो जाएं तो इसमे नमक, गर्म मसाला, लाल मिर्च, सूखा धनिया सब मसाले डालकर अच्छी तरह से मिलाएं और उसमें हल्का सा पानी डालें। जब मसाला तेल छोड़ने लगे तो उसमें कोफ्ते डाल कर सोया सॉस, चिली सॉस और टॉमेटो सॉस डालकर मिक्स करें। अब वेज मंचूरियन को बारीक कटे हरे धनिये से सजाकर गर्मागर्म परोसें।

#### पंजाबी पिंडी चना



**साम्रगी**

एक कप काबुली चना, एक चम्मच अदरक का पेस्ट, आधा चम्मच का पेस्ट, दो प्याज पिसे हुए, दो हरी मिर्च पिसी हुई, दो से तीन टमाटर (प्यूरी तैयार करें), दो बड़ी इलायची, बड़ा टुकड़ा दालचीन, थोड़ा कूटा हुआ, आधा छोटा चम्मच बेकिंग सोडा (खाने वाला सोडा), दो चम्मच चाय पत्ती, एक चम्मच धनिया पाउडर, एक चम्मच छोला मसाला, एक चम्मच गरम मसाला, एक चम्मच लाल मिर्च पाउडर, स्वादानुसार नमक, तेल

**विधि**

एक कूकर में पानी के साथ काबुली चना डालें। उसमें चाय पत्ती वाली पोटली, बेकिंग सोडा (चाहें तो) और एक छोटा चम्मच नमक मिलाकर, कूकर का ढक्कन लगाएं और गैस पर तेज आंच में चने उबलने के लिए रख दें। कूकर की एक सीटी आने के बाद आंच मध्यम कर दें। 3-4 सीटी आने के बाद गैस बंद कर दें। कूकर का ढक्कन खोलें और सबसे पहले चने से चाय पत्ती की पोटली निकाल दें अब एक बड़े चम्मच से चनो को थोड़ा मैश करते हुए चलाएं। इसके बाद गैस पर एक कड़ाही में तेल गर्म करें। अब इसमें अदरक, लहसुन, हरी मिर्च और प्याज का पेस्ट डालकर मध्यम आंच पर फ्राई करें। जब पेस्ट का रंग सुनहरा हो जाए और वह बड़ी चम्मच से चलाते समय कड़ाही में चिपकने लगे तब इसमें टमाटर की प्यूरी डालकर 5 मिनट तक पकाएं। अब ग्रेवी में धनिया पाउडर, गरम मसाला, लाल मिर्च पाउडर, छोला मसाला और नमक मिलाकर एक मिनट तक पकने दें। अब उबले चने पानी के साथ ग्रेवी में डालकर बड़ी चम्मच से चलाते हुए मिलाएं। मध्यम आंच पर सब्जी को 15 से 17 मिनट तक पकाएं। जब ग्रेवी और चने अच्छी तरह मिक्स होकर, थोड़े गाढ़े हो जाएं तो गैस बंद कर दें। मसालेदार लजीज पिंडी चना तैयार है।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।
संपादक : राकेश शर्मा, मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 • कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम • फोन : 0361-2960054 (संपादकीय) e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, (सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)